

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | शनिवार, 26 सितंबर 2026 | वर्ष: 04, अंक: 186 पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# सुप्रीम कोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ याचिका दायर

## याचिका दायर कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही करने की मांग की गई

**नई दिल्ली/एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर ज्ञानेश कुमार ने अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन नहीं किया। याचिका में कहा गया है कि एसआईआर के दौरान लिए गए फैसले और सॉफ्टवेयर में किये गए बदलाव को लेकर दो चुनाव आयुक्तों की कोई सहमति नहीं ली गई। वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने दायर याचिका में कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित निर्वाचन आयोग के सभी फैसलों को गैरकानूनी करार दिया जाए और फॉर्म 6 को मूल स्वरुप में ही बहाल किया जाए। याचिका में मांग की गई है कि एसआईआर के दौरान करीब 13 करोड़ मतदाताओं का नाम काटे जाने की एसआईटी से जांच कराई जाए। याचिका में मांग की गई है कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू की जाए। इसके अलावा उप चुनाव आयुक्त मनीष गर्ग और निर्वाचन आयोग की आईटी प्रमुख सीमा खन्ना के खिलाफ भी आपराधिक कार्यवाही शुरू की जाए। दरअसल, एक अखबार ने खबर छापी थी कि निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधु और विवेक जोशी ने एसआईआर के दौरान कम-से-कम 14 बार अपनी आपत्ति दर्ज कराई थीं। आपत्तियों में उन फैसलों का विरोध किया गया था जो उनकी अनुशंसाओं के विरुद्ध था। फॉर्म 6 और वोटर लिस्ट के प्रबंधन पर दोनों चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों को दरकिनार किया गया। चुनाव आयोग के मार्च 2023 के मैनुअल में सांसदों, विधायकों, घोषित पदों पर बैठे लोगों तथा कला, संस्कृति, पत्रकारिता, खेल, न्यायपालिका और लोक सेवाओं से जुड़े कुछ लोगों को मार्क्ड इलेक्टर्स के रूप में चिह्नित करने का प्रावधान बताया गया है।

खेड़ा ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने अन्य दोनों चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों को नजरअंदाज किया और चुनाव आयोग को अकेले संचालित किया। आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब मुख्य चुनाव आयुक्त को अपनी जिम्मेदारी से हट जाना चाहिए।





### बीएलओ ऐप में मार्क वीआईपी नाम का नया फीचर जोड़ा गया

उल्लेखनीय है कि एक अंग्रेजी अखबार ने 25 सितंबर को प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में बताया कि चुनाव आयोग के बूथ लेवल अधिकारियों के लिए इस्तेमाल होने वाले बीएलओ ऐप में मार्क वीआईपी नाम का नया फीचर जोड़ा गया है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार, यह फीचर 30 जुलाई को ऐप में जोड़ा गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, एसआईआर के दौरान कुछ मतदाताओं को वीआईपी के तौर पर चिह्नित करने की सुविधा इसमें उपलब्ध है।

इससे पहले एक अन्य अंग्रेजी अखबार ने 23 सितंबर की अपनी रिपोर्ट में बताया था कि चुनाव आयोग के तीन में से दो चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में आयोग के फैसलों और आदेशों को लेकर कम से कम 14 बार लिखित आपत्ति दर्ज की थी। रिपोर्ट में नए मतदाताओं के पंजीकरण, मतदाता सूची से नाम हटाने, मतदाता डेटाबेस के केंद्रीकरण और एसआईआर से जुड़े अन्य मुद्दों पर आपत्तियों का उल्लेख किया गया था। इसी रिपोर्ट के बाद चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक दलों की ओर से सवाल उठाए गए हैं। वहीं, चुनाव आयोग की ओर से कहा गया कि एसआईआर सहित आयोग के सभी फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों की मंजूरी से लिए गए हैं।

## जनता के मन से भ्रम दूर करना जरूरीः एनडीए सहयोगी दल

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़ी एक मीडिया रिपोर्ट के सामने आने के बाद सत्तारूढ़ राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन के भीतर हलचल तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, जदयू नेता उपेंद्र कुशवाहा और टीडीपी सांसद लावु श्रीकृष्णा देवरायलु समेत एनडीए के प्रमुख सहयोगी दलों ने चुनाव आयोग से आगे आकर स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह किया है। नेताओं का कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनावी प्रक्रिया पर जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग को इस विवाद और भ्रम पर त्वरित व सशक्त स्पष्टीकरण जारी करना चाहिए।

**क्या बोले चिराग पासवान?**

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा, "मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि सरकार के सदस्य के रूप में मेरा इरादा किसी संवैधानिक संस्था का बचाव करने का नहीं है। विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों से भी मुझे कोई खास चिंता नहीं है, क्योंकि विपक्ष हमेशा वही रुख अपनाएगा जो उसके लिए राजनीतिक रूप से उपयुक्त हो।




### उपेंद्र कुशवाहा ने की स्पष्टीकरण की मांग

हालांकि, अगर लोगों का चुनावी व्यवस्था पर से भरोसा कम होने लगे तो यह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं होगा। इसलिए, मेरा मानना है कि चुनाव आयोग को और अधिक सशक्त तरीके से स्पष्टीकरण देना चाहिए। उसे राहुल गांधी और उनके सहयोगियों के बयानों का जवाब देने की जरूरत नहीं है, बल्कि लोगों के मन में मौजूद गलतफहमियों को दूर करना चाहिए।" जनता दल (यूनाइटेड) बिहार के प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने भी स्पष्टीकरण की मांग करते हुए कहा कि इस विवाद ने जनता के बीच भ्रम पैदा कर दिया है। एसआईआर को लेकर हुए विवाद ने जनता के बीच काफी भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है।

इस मामले का समाधान होना चाहिए। चुनाव आयोग को इस भ्रम को दूर करने के लिए वास्तविक स्थिति के बारे में तुरंत स्पष्टीकरण जारी करना चाहिए। तेलुगु देशम पार्टी ने आंध्र प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण अभ्यास को सफलता बताया। साथ ही यह भी कहा कि चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण लाभदायक होगा।

# केंद्र सरकार वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में बाजार से 7.86 लाख करोड़ रुपये का कर्ज

**नई दिल्ली/एजेंसी**

केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही (अक्टूबर-मार्च) में बाजार से 7.86 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लेगी, जिसमें 15,000 करोड़ रुपये के सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड शामिल हैं। इससे पूरे वित्त वर्ष के लिए कुल कर्ज में 1,20,494 करोड़ रुपये की बड़ी कमी आएगी। वित्त मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2026-27 में केंद्र का प्रतिभूतियों के जरिये कुल 15,99,506 करोड़ रुपये का कर्ज लेने का अनुमान है, जबकि केंद्रीय बजट 2026-27 में इसके लिए 17,20,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। केंद्र ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के साथ विचार-विमर्श के बाद चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 7,86,000 करोड़ रुपये उधार लेने का फैसला लिया है। इसमें 15 हजार करोड़ रुपये के सरकारी हरित बॉन्ड भी शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक दूसरी छमाही में 7,86,000 करोड़ रुपये का सकल बाजार कर्ज 23 साप्ताहिक नीलामियों के जरिये जुटाया जाएगा। ये उधार तीन, पांच, सात, 10, 15, 30, 40 और 50 साल की अवधि वाली सरकारी प्रतिभूतियों के जरिये लिया जाएगा।




4




1

# पुलिस मुठभेड़ में गोवध निवारण अधिनियम का वांछित अभियुक्त घायल, तमंचा व कारतूस बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** थाना धाता पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के कब्जे से 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए सीएचसी धाता ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल फतेहपुर रेफर कर दिया।
पुलिस के मुताबिक, पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी खागा के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 25 सितंबर को थाना धाता पुलिस वांछित अभियुक्तों की तलाश में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमा अपराध संख्या 174/2026, धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त अब्बास पुत्र रहीम बख्श (45 वर्ष), निवासी सरवनपुर निदौरा, थाना धाता डेण्डासई नहर पुलिया के पास मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की। पुलिस का दावा है कि टीम द्वारा रुकने के लिए कहे जाने पर अभियुक्त भागने लगा



और उसने तमंचे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल होकर गिर गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर उपचार के लिए सीएचसी धाता पहुंचाया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया।
पुलिस ने मौके से 315 बोर का एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है।
मामले में थाना धाता पर मुकदमा अपराध संख्या 175/2026, धारा 109(1) बीएनएस एवं 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### तीन अन्य वांछित भी गिरफ्तार

इसी मामले में थाना धाता पुलिस ने 24 सितंबर को तीन अन्य वांछित अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार, अली हुसैन (40), सरफराज उर्फ बुड्ढा (22) और नसीम अहमद (65) निवासी डेण्डासई, थाना धाता, गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित मुकदमे में वांछित थे। तीनों को 25 सितंबर को न्यायालय में पेश किया गया।
पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अब्बास के खिलाफ धाता थाने में वर्ष 2022 के दो आर्म्स एक्ट के मुकदमों के अलावा वर्ष 2026 का गोवध निवारण अधिनियम और मुठभेड़ के बाद दर्ज आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी, उपनिरीक्षक चंदन सिंह, प्रज्जवल उपाध्याय और अनुराग मौर्या शामिल रहे।

## डीएम ने नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

**बच्चों को गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर प्रशिक्षण के साथ ही ए.आई. का प्रशिक्षण देने के दिए निर्देश**



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** डीएम डॉ. अमित पाल ने आज पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित ओ लेवल/सी.सी.सी. नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण योजनाह्व के अंतर्गत ओम शिव कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, पाल चौराहा, मंझनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया।
जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण केंद्र के शिक्षक अजित यादव से संचालित बैचों की संख्या एवं प्रत्येक बैच में नामांकित प्रशिक्षणार्थियों की संख्या आदि जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि प्रशिक्षणार्थियों को निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। इसके साथ ही वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुए बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाए ल।
जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बैच में नामांकित शत-प्रतिशत प्रशिक्षणार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि योजना का उद्देश्य पूर्ण रूप से सफल हो सके। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र में उपस्थित बच्चों से संवाद कर, उन्हें दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी भी प्राप्त की तथा कंप्यूटर प्रशिक्षण से संबंधित उनकी समझ और अनुभव के बारे में जानकारी ली। शिक्षक ने बताया कि कुल 03 बैच संचालित है। कुल 92 बच्चे नामांकित है।

## 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान



**ब्यूरो चीफ सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा के अधीक्षक डॉ. मो. सऊद के निर्देशन में शुक्रवार को नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम कार्यालय सभागार में एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आगामी 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप सिंह ने नगर पंचायत के सभासदों एवं सफाई कर्मियों को अभियानों की रूपरेखा और घर-घर जाकर चलाए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया। उन्होंने संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया से बचाव, जलजमाव रोकने और स्वच्छता बनाए रखने में सफाई कर्मियों व जनप्रतिनिधियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।प्रशिक्षण सत्र के समापन के उपरांत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उपस्थित कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक शिवम मौर्य, अनूप शुक्ला, ऋषिनन्दन साहू, अजीत पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

## सूरत से लौटा था घर, अगले ही दिन छिन गया जीवन

**उग्रसेनपुर बाजार जाते समय टवेरा ने बाइक में मारी टक्कर, 31 वर्षीय युवक की मौके पर मौत; एक साल पहले हुई थी शादी**

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** घर लौटने की खुशी अभी पूरी तरह खत्म भी नहीं हुई थी कि अगले ही दिन हादसे ने परिवार की खुशियां मातम में बदल दीं। सूरत में रहकर निजी नौकरी करने वाले 31 वर्षीय बृजेश कुमार उर्फ बब्बू की बुधवार दोपहर सड़क हादसे में मौत हो गई। वह एक दिन पहले ही सूरत से गांव लौटे थे। बुधवार को घरेलू सामान खरीदने उग्रसेनपुर बाजार जाते समय घुड़दौली गांव के सामने टवेरा की टक्कर से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बृजेश की पत्नी गर्भवती हैं और करीब एक साल पहले ही दोनों की शादी हुई थी।
घुड़दौली निवासी बृजेश कुमार उर्फ बब्बू पुत्र स्व. राम भुल्लन सूरत में रहकर निजी नौकरी करते थे।





बुधवार दोपहर करीब दो बजे वह बाइक से उग्रसेनपुर बाजार जा रहे थे। जिला पंचायत इंटर कॉलेज से करीब 100 मीटर आगे घुड़दौली गांव के सामने पहुंचे थे कि उग्रसेनपुर की ओर से आ रही टवेरा कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई।
हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ ही देर में परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। बृजेश की मौत की खबर घर पहुंचते ही चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।
बृजेश पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। करीब एक वर्ष पहले उनकी शादी मीना से हुई थी। वर्तमान में मीना गर्भवती हैं। पति की अचानक मौत की खबर सुनकर वह बेसुध हो गईं। परिजनों के मुताबिक, जिस घर में जल्द नन्हे मेहमान के आने की तैयारी थी, वहां अचानक मातम पसर गया।
सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे में शामिल टवेरा चालक को पकड़ लिया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## एसपी ग्रामीण द्वारा गणपति विसर्जन एवं गंगा स्नान के दृष्टिगत थाना अनूपशहर गंगा घाटों का किया निरीक्षण



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बुलंदशहर** । पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अंतरिक्ष जैन द्वारा थाना अनूपशहर क्षेत्रान्तर्गत गणपति विसर्जन एवं गंगा स्नान के दृष्टिगत विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा घाटों पर सुरक्षा-व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन के दृष्टिगत पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया।
गणपति विसर्जन एवं गंगा स्नान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा श्रद्धालुओं से वार्ता कर उनकी कुशलक्षेम जानी गयी तथा उनसे अपील की गयी कि स्नान के दौरान गहरे पानी मे न जाये ।

## सीडीओ ने प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी ने विनोद राम त्रिपाठी ने उत्तर मिशन रोजगार के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से दिनांक 28 सितम्बर को विधानसभा सिराथू के अन्तर्गत श्री बाबू सिंह इण्टर कालेज, सयारा के परिसर में आयोजित होने वाले रोजगार मेले के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहनों को विकास भवन परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण कुमार यादव, वरिष्ठ सहायक विनोद कुमार सिंह, कौशल विकास मिशन एम.आई.एस. प्रबंधक दीपक मौर्य, योगेन्द्र शुक्ला एवं प्रतीक अवस्थी उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र को कमजोर करने वाली हर साजिश का जवाब जनता के साथ मिलकर दिया जाएगा- अजय



**ब्यूरो चीफ सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** वोट चोरी में शामिल चुनाव आयोग के खिलाफ आज लखनऊ में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में कौशाम्बी कांग्रेसजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा व उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम,प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व प्रभारी प्रयागजोन वरुण चौधरी के आवाहन पर आज हम सभी ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया लोकतंत्र में जनता के मत और चुनावी प्रक्रिया पर उठने वाले हर सवाल का पारदर्शी, निष्पक्ष और संवैधानिक तरीके से समाधान होना चाहिए।
जनादेश के सम्मान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कानून से ऊपर कोई नहीं है। देश की संप्रभुता और सुरक्षा के खिलाफ अपराध करने वालों पर कानून के मुताबिक कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।
भाजपा संरक्षित मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देश की जनता को धोखा दिया है !
प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,प्रभारी राजेश साहनी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम मूर्ति तिवारी,राम सूरत रैदास,जिला महासचिव श्याम सिंह भदौरिया,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय,आयूष यादव,ब्लाक अध्यक्ष सिराथू प्रियांशू त्रिपाठी,अमृत लाल, इंद्रपाल,संदीप कुमार,नाथन लाल,कल्लू रैदास,अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## मारपीट कर हत्या के मामले में दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार





**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के उजिहिनी खालसा गांव में मारपीट के दौरान हुई हत्या के मामले में पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक लाठी भी बरामद की है।
पुलिस के अनुसार, 24 सितंबर की रात करीब 10 बजे रविन्द्र कुमार की गांव के लालाराम व अन्य लोगों से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। आरोप है कि अगले दिन सुबह रविन्द्र कुमार खेत की ओर गए थे, जहां पहले से मौजूद लालाराम व अन्य लोगों ने एकराय होकर लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल रविन्द्र कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई।
मृतक के भाई राजेन्द्र कुमार की तहरीर पर थाना संदीपनघाट में मुकदमा अपराध संख्या 250/2026 के तहत धारा 103(1), 190, 191(2) और 351(3) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था।
घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सत्यनारायण ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। इसी क्रम में 25 सितंबर को थाना संदीपनघाट पुलिस ने मामले में वांछित दो अभियुक्तों लाल राम पुत्र स्वर्गीय ननकू और विमला पत्नी फूलचन्द्र, निवासीगण उजिहिनी खालसा, थाना संदीपनघाट, जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर लिया।
पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक लाठी भी बरामद की है।

## चरवा पुलिस द्वारा चोरी का अभियुक्त गिरफ्तार, नगदी बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** तीन दिन पहले थाना चरवा पर वादिना विमला देवी पत्नी सुनील कुमार निवासी ग्राम कठरा थाना चरवा जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि बीती रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा घर के बाहर बधे बकरे व बकरिया चोरी कर लिया गया है ।
थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी/सर्विलांस एवं आस-पास के लोगों से पूछताछ से प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त रविनन्दन पुत्र राममिलन निवासी गुवारा तैय्यबपुर थाना करारी जनपद कौशाम्बी को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर बरियावां तिराहा के पासे से गिरफ्तार किया गया ।
पूछाताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 22.09.2026 को भोर में मुझे एक सफेद चार पहिया वाहन से 03 व्यक्ति मिले थे उन्होने मुझे कहा कि तुम गांव मे बन्धी बकरियो का पता लगाकर और उनको खोलकर मेरी गाडी मे रखवा दोगे तो तुम्हे प्रति बकरे 1000 रुपये दूंगा जिनके साथ मैं कठरा गाँव आया क्योंकि मुझे पता था यहां रोड़ के किनारे बकरिया बंधी रहती है । मैं उनके साथ मिलकर 4 बंधे बकरे-बकरियां को खोलकर चोरी से उनकी गाडी मे रखवा दिया था जिससे वे लोग मुझे 4000 रुपये दिये थे । जिसमे 950 रुपये मेरे पास बचे है बाकी खर्च हो गये ।

## आपसी मनमुटाव को भुलाकर दम्पति साथ रहने को हुए राजी



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यू मांगलिक महोदय के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन, जनपद फतेहपुर में पति-पत्नी के मध्य पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में मध्यस्थता/ काउंसलिंग की दैनिक कार्यवाही के क्रम में शुक्रवार को काउंसलर श्रीमती कविता रस्तोगी व रामराज वर्मा द्वारा प्रकरण में समझौता कराया गया व सहयोगार्थ म0आ0 अनीता मिश्रा मौजूद रहीं।

## औंग पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार





**सबसे तेज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी एवं अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना औंग पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त जगदिश केवट पुत्र सरजू केवट उम्र 48 वर्ष निवासी थानपुर थाना औग जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## दो वारंटी को पुलिस ने दबोचा, जेल



**स्वाती मिश्रा**
**कौशांबी।** एसपी सत्यनारायण के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा आबकारी अधिनियम थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त बच्चा लाल पुत्र बुधई पासी निवासी लोधौर थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया । थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा विद्युत अधिनियम थाना चरवा जनपद कौशाम्बी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त रामलाल पुत्र राम मनोहर पासी निवासी ग्राम शेखपुर रसुलपुर थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया ।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** आठ अगस्त को थाना सैनी पर वादिनी द्वारा सूचना दी गयी की उनकी नाबालिग पुत्री को अभियुक्त कल्लू पाल बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सैनी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था ।
शुक्रवार को थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कल्लू उर्फ राजकरन पुत्र सूरज पाल निवासी ग्राम चितनपुर थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर को सिराथू रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया एवं पीड़िता का सकुशल बरामद किया गया ।

## दीनदयाल जी का एकात्म मानववाद और अंत्योदय का विचार आज भी राष्ट्रसेवा के पथ पर हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है - धर्मराज

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंझनपुर में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया।
जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी को स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संबोधित करते हुए कहा कि आज हम उस महामानव को स्मरण कर रहे हैं,जिनका जीवन सादगी का मिसाल था,जिनकी सोच में राष्ट्र था,जिनके चिंतन में समाज था और जिनके हृदय में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के लिए संवेदना थी।पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी का शरीर भले ही आज हमारे बीच नहीं है,लेकिन उनके विचार आज भी करोड़ों कार्यकताओं के संकल्प में जीवित हैं।पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी का स्पष्ट मत था कि हमारी योजनाओं का आधार समाज के सम्पन्न नहीं,अंतिम पायदान का व्यक्ति होना चाहिए। आज उनका यह सपना साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हर गरीब को आवास,शौचालय,हर गरीब महिला को ऊर्जा के लिए ग्रीन एनर्जी के रूप में मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन,हर गरीब को आयुष्मान





योजना से पांच लाख रुपया तक स्वास्थ्य सुरक्षा कवर जैसी अनेक योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इन योजनाओं का लाभ किसी का चेहरा,जाति,मजहब या क्षेत्र देखकर नहीं दिया जाता है। यह केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से अंत्योदय के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए उनके जीवन में खुशहाली लाने का प्रयास है।इसी क्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 साल में अंत्योदय का सपना साकार हुआ। इसके तहत 04 करोड़ लोगों को घर,12 करोड़ को शौचालय,दस करोड़ को उज्ज्वला गैस,3.5 करोड़ को बिजली कनेक्शन और 80 करोड़ को फ्री राशन मिला,जिससे 26 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए।हमें संकल्प लेना है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगे।जरूरतमंद के जीवन में आशा का दीप जलाएंगे।
वंचित को अवसर दिलाने का प्रयास करेंगे।और राष्ट्रहित को सदैव व्यक्तिगत हित से ऊपर रखेंगे।इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक व जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शीलू पाण्डेय,जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर,भोलेशंकर कुशवाहा,संजय जायसवाल,नितिन पासी,चक्रेश मिश्रा,जिला महामंत्री राकेश पाण्डेय,कोऑपरेटिव चेयरमैन शिवमोहन मौर्य,नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर बीरेंद्र सरोज फौजी,भरवारी कविता पासी,चेयरमैन अजुहा शांति कुशवाहा सहित सम्मानित पदाधिकारीगण,जनप्रतिनिधिगण,मण डल अध्यक्षगण,देवतुल्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

# पांच विद्यालयों में पोक्सो जागरूकता अभियान का शुभारंभ

## हर विद्यालय में होगा पोक्सो नोडल शिक्षक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज कराएगा विशेष प्रशिक्षण

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पूर्व जनपद में बच्चों को पॉक्सो अधिनियम एवं बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। अभियान के प्रथम चरण में जनपद के पांच विद्यालयों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सेंट एंथनी कॉलेज में दिवाकर द्विवेदी, प्रभारी जनपद न्यायाधीश, प्रयागराज द्वारा अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसमें विनोद कुमार चौरसिया, एडीजे विशेष न्यायालय, पाक्सो एक्ट, श्रीमती अंजू कनौजिया, एडीजे विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट-02, विनय कुमार सिंह, एडीजे उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ, राहुल सिंह एडीजे-08, श्रीमती प्रदीप्ति सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज व श्रीमती कामायनी दुबे, एसीजेएम-12 के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, बाल अधिकारों, सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श तथा किसी भी अप्रिय स्थिति में सहायता प्राप्त करने के उपायों की जानकारी दी गई।

इसी क्रम में डी.पी. गर्ल्स इंटर कालेज में श्रीमती चारू नंद, जे.एम.-11, भारत स्काउट एण्ड गाइड इंटर कालेज में श्री पुष्पेन्द्र कुमार गौतम जे.एम. एफ.टी.सी., दौलत हुसैन इंटर कालेज में श्री प्रतीक गुप्ता, जे.एम.-05 व डी.ए.वी. इंटर कालेज, प्रयागराज में भी कार्यक्रम सफलतापूर्ण संपन्न हुआ।

**हर विद्यालय में होगा पोक्सो नोडल शिक्षक**

अभियान के अंतर्गत जनपद के प्रत्येक राजकीय, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालय में एक शिक्षक को ह्लपॉक्सो नोडल शिक्षकह्व के रूप में नामित किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सभी विद्यालयों से नोडल शिक्षक नामित कराए जाएंगे तथा उनकी विद्यालयवार सूची एवं प्रशिक्षण का प्रस्तावित कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके आधार पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा नोडल शिक्षकों का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।




**क्या होगी नोडल शिक्षक की भूमिका**

नामित नोडल शिक्षक विद्यालय में बच्चों के लिए विश्वसनीय एवं संवेदनशील संपर्क-बिंदु के रूप में कार्य करेंगे। उन्हें पोक्सो अधिनियम, बाल अधिकारों, सुरक्षित-असुरक्षित स्पर्श, बाल संरक्षण एवं सहायता की उपलब्ध व्यवस्था के संबंध में प्रशिक्षित किया जाएगा।

नोडल शिक्षक बच्चों को जागरूक करने के साथ यह विश्वास भी विकसित करेंगे कि किसी अनुचित घटना, भय, दबाव अथवा शोषण की स्थिति में बच्चा बिना संकोच उनके समक्ष अपनी बात रख सके। बच्चे द्वारा कोई शिकायत या जानकारी दिए जाने पर उसकी बात को संवेदनशीलता एवं गोपनीयता के साथ सुना जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर उसे निर्धारित विधिक एवं बाल संरक्षण तंत्र से जोड़ने में सहयोग किया जाएगा।

नोडल शिक्षक की भूमिका स्वयं जांच करने की नहीं, बल्कि बच्चे को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने, उसकी बात सुनने तथा निर्धारित कानूनी एवं सहायता तंत्र तक पहुंचाने में सहयोग करने की होगी।

**स्कूल बसों, कोचिंग संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर भी होगा प्रचार**

बच्चों को आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद के सभी विद्यालयों में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के पोस्टर प्रमुख एवं सहज दिखाई देने वाले स्थानों पर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही विद्यालयी बसों/वाहनों, सभी कोचिंग संस्थानों, पार्कों तथा अन्य प्रमुख सार्वजनिक एवं सामान्य आवागमन वाले स्थानों पर भी पोक्सो जागरूकता एवं हेल्पलाइन संबंधी पोस्टर लगाए जाने की व्यवस्था की जाएगी।

अभियान के अंतर्गत सभी कोचिंग संस्थानों में पोक्सो जागरूकता डेस्क स्थापित किए जाने की दिशा में भी कार्यवाही की जाएगी, ताकि वहां अध्ययनरत बालक-बालिकाओं को अपने अधिकारों एवं उपलब्ध सहायता तंत्र की जानकारी मिल सके। विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनपद का कोई भी विद्यालय अभियान से छूटने न पाए।

## रेड अलर्ट के चलते आज जिले के सभी स्कूल बंद रहेगा

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** जिले में लगातार हो रही बारिश और जलजमाव के चलते आज 26 सितंबर को जनपद के सभी विद्यालयों में अवकाश रहेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा 25 सितंबर को आदेश जारी करके बताया गया था कि मौसम विभाग ने जनपद प्रयागराज के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।
आदेश के अनुसार आज जनपद के समस्त परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई तथा अन्य सभी बोर्ड के प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 तक के विद्यालय बंद रहेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधकों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

## दहेज हत्या में फरार देवर और सास गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** करैली थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या के मामले में फरार चल रहे देवर और सास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लाल कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर दोनों अभियुक्तों को धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान मुकेश निषाद पुत्र स्व0 श्रीनाथ निषाद और उसकी मां रामरति पत्नी स्व0 श्रीनाथ निषाद निवासी 101 सदियापुर उचवाटोला थाना करैली के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक थाना करैली में मु0अ0सं0 179/2026 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दहेज हत्या का अभियोग पंजीकृत था, जिसमें दोनों वांछित थे, पुलिस द्वारा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 महेन्द्र सिंह, का0 आनन्द बहादुर सिंह, रि0का0 अमित कुमार, म0क0 शिखा देवी और निधि मौर्या थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज।

## पिंडदान से पहले रामगया घाट पर सुरक्षा इंतजाम अधूरे, श्रद्धालुओं की बढ़ेगी मुश्किल



**मीरजापुर,** पितृपक्ष में 26 सितंबर से रामगया घाट पर पिंडदान और तर्पण शुरू होगा। विंध्याचल क्षेत्र के इस प्रमुख घाट पर पितरों का श्राद्ध करने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे, लेकिन फिलहाल घाट पर व्यवस्थाएं नदारद हैं। गंगा का जलस्तर बढ़ने से घाट पर जगह भी कम हो गई है।
रामगया घाट के दोनों ओर कीचड़ जमा है। घाट पर बैरिकेडिंग नहीं होने से श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। शिवपुर बाजार से घाट तक जगह-जगह गंदगी और कीचड़ है। शौचालय और पेयजल की व्यवस्था भी नहीं है। ऐसे में पिंडदानियों को घाट तक पहुंचने और अनुष्ठान करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।
घाट पर पिंडदान के लिए एक चबूतरा ही प्रमुख सहारा है। इसके अलावा चबूतरे के पास पेड़ पर लटका जर्जर टीन शेड भी खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार पितृपक्ष के दौरान यहां लगातार 15 दिनों तक तर्पण और पिंडदान होता है। अमावस्या के दिन भीड़ और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार घाट पर पर्याप्त साफ-सफाई नहीं कराई गई है। बैरिकेडिंग और जमा सिल्ट की सफाई भी नहीं हुई है। पितृपक्ष शुरू होने में अब समय कम है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए घाट की सफाई, बैरिकेडिंग, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था जल्द दुरुस्त किए जाने की जरूरत है।
नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जी. लाल ने बताया कि पितृपक्ष को देखते हुए रामगया घाट पर साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े इंतजामों की समीक्षा की जा रही है। घाट पर सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए जाएंगे।

## अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना ही अंत्योदय : लालबहादुर सरोज

### दीनदयाल जयंती पर अंत्योदय और एकात्म मानववाद पर चर्चा

**मीरजापुर,** भारतीय जनता पार्टी के बरौंधा कचार स्थित सभागार में शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सेवा संकल्प के तहत संगोष्ठी और कार्यकर्ता संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों, विशेषकर अंत्योदय और एकात्म मानववाद पर चर्चा हुई। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज ने की। सरोज ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन में अंत्योदय का विशेष स्थान था। उनका विचार था कि नीतियों और विकास का लाभ समाज के सबसे गरीब, कमजोर और वंचित व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं से इसी भावना के साथ समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच काम करने की बात कही।
मुख्य अतिथि एवं काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद भारतीय संस्कृति और सामाजिक जीवन में संतुलन तथा समरसता की बात करता है।
उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय के सादगीपूर्ण जीवन और संगठन के प्रति समर्पण का भी उल्लेख किया।
कार्यक्रम की शुरूआत पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई।
इससे पहले मुकेरी बाजार स्थित उनकी प्रतिमा की सफाई कर कार्यकताओं ने माल्यार्पण किया और मिष्ठान वितरित किया।
कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ. सीएल बिंद ने किया।

## 38,736 निर्माण श्रमिक परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर : जिलाधिकारी

### स्वास्थ्य, श्रम और ग्राम्य विकास विभाग के बीच प्रभावी समन्वय के दिए निर्देश

**देवरिया,** जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत बीओसीडब्ल्यू में पंजीकृत 38,736 निर्माण श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में बैठक हुई।
बैठक में पात्र श्रमिक परिवारों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ कार्ययोजना पर चर्चा की गई।
जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पात्र निर्माण श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के आधार पर जल्द बनाए जाएं, ताकि कोई भी परिवार स्वास्थ्य सुरक्षा की सुविधा से वंचित न रहे।



उन्होंने लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति के लिए स्वास्थ्य, श्रम और ग्राम्य विकास विभाग के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में बताया कि पात्र निर्माण श्रमिकों की ब्लॉकवार सूची संबंधित खंड विकास अधिकारियों, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) के पास उपलब्ध है। श्रमिक अपने निकटतम आशा, एएनएम, आयुष्मान मित्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र के सीएचओ, पीएचसी या सीएचसी पर संपर्क कर कार्ड बनवा सकते हैं।
ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सहायक के माध्यम से भी यह सुविधा उपलब्ध है। आयुष्मान कार्ड से पात्र परिवारों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा मिलती है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों और ग्राम पंचायत स्तर के कर्मचारियों को पात्र श्रमिक परिवारों को योजना की जानकारी देने तथा कार्ड बनवाने में सहयोग करने के निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित कर सभी पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

## डीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित शिकायतों की समीक्षा की

### जिलाधिकारी ने अधिकारियों को पॉजिटिव फीडबैक बढ़ाने तथा शिकायतों के निस्तारण से शिकायकर्ता को संतुष्ट किए जाने के दिए निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** डीएम मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को एनआईसी कक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आईजीआरएस से सम्बंधित शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पॉजिटिव फीडबैक बढ़ाये तथा शिकायतों के निस्तारण से शिकायकर्ता संतुष्ट भी हो।
शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण के उपरान्त उसका परीक्षण भी सुनिश्चित किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता की संतुष्टि का वास्तविक आकलन हो सके। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलम्ब स्वीकार नहीं किया जाएगा।




जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जिन विभागों में शिकायतें लंबित हैं, उनका प्राथमिकता पर निस्तारण कराते हुए पोर्टल पर समय से रिपोर्ट अपलोड की जाए तथा साथ ही बार-बार प्राप्त होने वाली शिकायतों के कारणों का चिन्हांकन कर उनका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, अपर जिलाधिकारी गण, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालयों में रोवर्स-रेंजर्स इकाइयां होंगी सक्रिय, 50 प्रभारियों को मिला प्रशिक्षण

**मीरजापुर,** मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को भारत स्काउट एवं गाइड की ओर से रोवर्स-रेंजर्स महाविद्यालय प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों को इकाइयों के गठन, संचालन और प्रशिक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। करीब 50 प्रतिभागियों ने कार्यशाला में हिस्सा लिया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. शोभा गौड़ ने की। उन्होंने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स गतिविधियों के जरिए विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलता है। उन्होंने महाविद्यालयों में इकाइयों के गठन पर जोर दिया।
मुख्य प्रशिक्षक संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त मयंक शर्मा ने रोवर्स-रेंजर्स की गतिविधियों और इकाई संचालन की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी प्रशिक्षण और सेवा गतिविधियों में भाग लेने के साथ प्रवेश स्तर से राज्य और राष्ट्रपति पुरस्कार तक की निर्धारित प्रक्रियाओं में शामिल हो सकते हैं।




बीएसजी स्कॉलरशिप समेत अन्य अवसरों की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान आपदा प्रबंधन, समाज सेवा और प्रकृति संरक्षण से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। प्रभारी शिक्षकों को विद्यार्थियों को नियमित गतिविधियों से जोड़ने और इकाइयों के संचालन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी गई।
कार्यक्रम में कुलसचिव राम नरायन, परीक्षा नियंत्रक हरीश चंद्र, चंद्रकांत, आनंद कुमार मौर्य, अमरावती, कादंबरी और यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे। मुख्य आयुक्त प्रो. सूबेदार यादव ने आभार जताया। संचालन राजेश कुमार प्रजापति ने किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में ऋण परक योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सी०एम० युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत की प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देश दिये गये कि खराब प्रगति वाले बैकों के क्षेत्रीय प्रबन्धक के साथ एक बैठक आयोजित की जाय। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिये गये कि एक जनपद एक व्यंजन जिलास्तरीय क्रियान्वयन समिति की एक बैठक आहूत कर ली जाय। उद्योग बन्धु समिति की बैठक में जनपद प्रयागराज के उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण कराया गया।
पांच बिन्दुओं के प्रकरण पर आर०एम० यूपीसीडा द्वारा अद्यतन प्रगति से समिति को अवगत कराया गया कि कैफेटेरिया या कम्युनिटी हाल का निर्माण कार्य प्रगति पर है, औद्योगिक क्षेत्र में पूर्णकालिक एम्बुलेंस एवं फायर की व्यवस्था हेतु सरस्वती हाईटेक सिटी नैनी में भूमि का आवंटन कर दिया गया है। मे० दरबारी इण्डस्ट्रीज के प्रकरण पर विद्युत नोडल द्वारा स्पष्ट उत्तर न दिये जाने के कारण प्रकरण के सम्बन्ध में एम०डी० विद्युत विभाग को पत्र प्रेषित कराने एवं इकाई के साथ अलग से बैठक आहूत कराये जाने के निर्देश दिये गये। शरद टण्डन उपायुक्त उद्योग द्वारा बैठक का संचालन किया गया।
बैठक में अधिशासी अभियन्ता विद्युत नोडल, आर०एम० प्रदूषण विभाग, मुख्य अग्नि शमन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत नैनी, सहायक जिला अग्रणी प्रबन्धक, आर०एम० यूपीसीडा, इत्यादि बैठक मे प्रतिभाग किया गया एवं औद्योगिक संगठन के पदाधिकारी विनय टण्डन, चौम्बर आफ कामर्स, डा० जी०एस० दरबारी, राजीव नैयर, नैनी इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन नैनी, नटवर लाल, अनुराग मिश्रा उद्यमी, सहायक आयुक्त उद्योग श्रीमती सारिका सिंह, अपर सांख्यिकी अधिकारी राजेश कुमार यादव, सहायक प्रबन्धक एवं अन्य विभागों के अधिकारी तथा उद्यमीगण उपस्थित रहे।

## जेवरात चोरी का पदार्फाश, हमीरपुर का शातिर चोर 12 लाख के जेवरात संग गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** कर्नलगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है, कटरा स्थित प्रसिद्ध सोम आनामेंट ज्वेलरी शॉप से जेवरात से भरा बॉक्स उड़ाने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम आदित्य खरे पुत्र महेन्द्र कुमार निवासी रमेडी, थाना हमीरपुर जनपद हमीरपुर का रहने वाला है।
पुलिस टीम ने शुक्रवार को प्रयाग स्टेशन के पीछे अयोध्या हॉस्टल के पास घेराबंदी कर उसे दबोचा।
खरीददारी के बहाने दिया था वारदात को अंजाम,
वादी राजेन्द्र नाथ वैश्य निवासी पोनप्पा रोड ने बताया कि 16 सितंबर को दोपहर लगभग 01:40 बजे एक युवक उनकी दुकान पर आभूषण खरीदने के बहाने आया और मौका पाकर पीली धातु के जेवरातों से भरा बॉक्स लेकर फरार हो गया था।
तहरीर के आधार पर थाना कर्नलगंज में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 68.6 ग्राम पीली धातु के आभूषण (अनुमानित कीमत 12 लाख रुपये), चोरी का सामान बेचकर खरीदी गई एक मोटरसाइकिल तथा वारदात में प्रयुक्त दूसरी मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, उसके खिलाफ हमीरपुर कोतवाली नगर में भी चोरी का मुकदमा दर्ज है।
गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 वरुण कुमार शाही, रिक्रूट आरक्षी शमीम अहमद, सौरभ कुमार और रामविजय यादव थाना कर्नलगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

## डीडीयू विश्वविद्यालय में मनाई गई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, कुलपति ने अर्पित किया श्रद्धासुमन

**गोरखपुर,** पं. दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर में शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके विचारों, दर्शन एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया गया। प्रशासनिक भवन परिसर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।
इस अवसर पर राज्यसभा सांसद राधा मोहन अग्रवाल ने भी पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के सदस्य, शिक्षकगण एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के राष्ट्रहित, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान तथा समरस समाज की स्थापना से जुड़े विचारों को स्मरण किया।



जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, चिंतन और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से जुड़े विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
इसके साथ ही दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ में जयंती व्याख्यान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।
वक्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका चिंतन भारतीय संस्कृति, मानवीय मूल्यों और समाज के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित था। उनके द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद और अंत्योदय की अवधारणा आज भी सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास के संदर्भ में प्रासंगिक है।
कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों ने राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता, अंत्योदय और मानव कल्याण के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को नमन किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।
विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी को पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों एवं जीवन मूल्यों से परिचित कराने तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को स्मरण करने का संदेश दिया गया।

## संपादकीय

# नस-नस में घुलता जहर और टूटते भविष्य का चक्रव्यूह

देश की राजधानी दिल्ली से लेकर सरहदी सूबे पंजाब तक, आज हमारा पूरा समाज एक ऐसे अदृश्य और घातक युद्ध का सामना कर रहा है, जिसके हथियार बारूद की तरह धमाका नहीं करते, बल्कि चुपचाप हमारी रगों में पिघलकर एक पूरी पीढ़ी को भीतर से खोखला कर रहे हैं। नशीले पदार्थों का फैलता यह मायाजाल केवल कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर एक सामान्य चुनौती नहीं है, बल्कि यह हमारे सामाजिक ताने-बाने, पारिवारिक संभलने की उम्मीदों और राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक सीधा प्रहार है। जब किसी देश की युवा आबादी रचनात्मकता, तकनीक और विकास के नए सोपान गढ़ने के बजाय सिंथेटिक ड्रग्स और हेरोइन के नशे में अपनी सुध-बुध खोने लगे, तो वह संकट किसी महामारी से कम नहीं रह जाता। विडंबना यह है कि यह धंधा अब सिर्फ कुछ खास इलाकों या महानगरों के अंधेरे कोनों तक सीमित नहीं रहा; यह आधुनिक तकनीक और डार्कवेब की बैसाखी थामकर देश के हर कोने में पैर पसार चुका है।

यदि हम इस समस्या के तात्कालिक और सबसे भयावह गढ़ को देखें, तो देश की धड़कन कही जाने वाली दिल्ली इस त्रासदी की अग्रिम पंक्ति में आकर खड़ी हो गई है। दिल्ली में ड्रग्स का यह मायाजाल किस कदर फैल चुका है, इसका सबसे ताजा और खौफनाक उदाहरण हाल ही में सामने आया है। दिल्ली पुलिस द्वारा चलाए गए एक व्यापक 96 घंटे के विशेष एंटी-नारकोटिक्स ऑपरेशन में लगभग 5 करोड़ रुपये की भारी मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। इस बड़े एक्शन में पुलिस ने 19 से अधिक ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमें छह विदेशी नागरिक भी शामिल हैं जो राजधानी की सड़कों पर मौत का यह सामान बांट रहे थे। इस जब्ती में केवल पारंपरिक गांजा ही नहीं, बल्कि हेरोइन, अफीम, एमडी , एमडीएमए और कोकीन जैसे अत्यंत घातक और महंगे सिंथेटिक ड्रग्स बरामद हुए हैं। दिल्ली में ड्रग्स का यह स्वरूप बेहद कॉरपोरेट और खतरनाक हो चुका है, जहाँ नाइजीरियाई और अन्य अंतरराष्ट्रीय गिरोहों की सक्रियता से लेकर स्थानीय पेडलर्स का एक ऐसा जाल तैयार हो गया है जो स्कूल और कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को अपना आसान शिकार बना रहा है। महानगर की चकाचौंध, पीयर प्रेशर (दोस्तों के बीच कूल दिखने की चाहत), माता-पिता की व्यस्त जीवनशैली और बच्चों के एकाकीपन ने इस आग में घी डालने का काम किया है। दिल्ली पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो आए दिन करोड़ों रुपये की खेप पकड़ते हैं, लेकिन यह जब्ती समुद्र में एक बूंद जैसी ही दिखाई देती है, क्योंकि मांग की जो खाई तैयार हो चुकी है, उसे पाटना केवल पुलिसिया कार्रवाई के बस की बात नहीं है।

दिल्ली के इस कॉरपोरेट ड्रग नेटवर्क के तार जब राज्यों की सीमाओं को पार करते हैं, तो पंजाब का नाम इस त्रासदी के दूसरे सबसे बड़े प्रभावित केंद्र के रूप में उभरता है।

## अब जाम आधा अपना, आधा परिवार का!

शराब पीने वालों के लिए खबर थोड़ी कड़वी है, मगर उनके परिवार वालों के लिए शायद मीठी। राजस्थान सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए ऐसा प्रावधान किया है कि यदि कोई कर्मचारी शराब या अन्य नशीले पदार्थों का आदी है और उसके कारण पत्नी, बच्चों या बुजुर्ग माता-पिता को आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है, तो जांच के बाद उसके वेतन का आधा हिस्सा परिवार के भरण-पोषण के लिए दिया जा सकता है। यानी अब शराबी कर्मचारी के हाथ में पूरी तनख्वाह आते ही आधी रकम मयखाने की ओर निकल भागे, उससे पहले सरकार कहेगी,भाई साहब, पहले घर का रास्ता देखिए!

यह फैसला सुनकर शराब की बोतल शायद पहली बार सोच रही होगी कि मेरी वजह से परिवार में इतनी बड़ी आर्थिक क्रांति कैसे आ गई अब तक तनख्वाह मिलते ही कुछ लोग घर का बजट बनाने से पहले शराब का बजट बना लेते थे। राशन बाद में, बच्चों की फीस बाद में, बिजली का बिल बाद में और बोतल पहले। सरकार ने शायद इसी प्राथमिकता क्रम को उलटने की कोशिश की है। अब पत्नी के खाते में आधी तनख्वाह पहुंच जाएगी और शराबी पति के हाथ में इतना ही बचेगा कि वह बोतल देखकर उसकी कीमत पूछ सके, खरीद न सके!

वैसे राजस्थान में शराब से सरकार का रिश्ता भी बड़ा दिलचस्प है। एक तरफ शराब के खिलाफ सामाजिक चिंता है, दूसरी तरफ आबकारी विभाग राजस्व जुटाने वाले प्रमुख विभागों में शामिल है। यानी बोतल से सरकार का खजाना भी भरता है और परिवारों का बजट भी खाली होता है। सरकार शराब को पूरी तरह बंद करने की स्थिति में भले न हो, लेकिन उसने कम से कम इतना तो सोच लिया कि शराबी की तनख्वाह को पूरी तरह शराब के हवाले भी नहीं किया जा सकता। यह कुछ वैसा ही है जैसे बिल्ली को दूध की रखवाली सौंपने के बाद उसके सामने कटोरी पर ताला लगा दिया जाए!

प्रावधान का उद्देश्य केवल शराब पीने पर सजा देना नहीं, बल्कि उस शराबखोरी से प्रभावित परिवार को आर्थिक सुरक्षा देना है। शिकायत किसी परिजन की ओर से आ सकती है या विश्वसनीय स्रोत से जानकारी मिलने पर जांच हो सकती है। पत्नी, अवयस्क या दिव्यांग संतान और बुजुर्ग माता-पिता जैसे आश्रितों को इसमें शामिल किया गया है। यानी अब शराबी कर्मचारी के लिए यह डर भी रहेगा कि बोतल खोलने से पहले घर में कोई फाइल न खुल जाए!

इस व्यवस्था की सबसे मजेदार कल्पना तो वेतन-दिवस की हो सकती है। पहले मोबाइल पर मैसेज आता था,वेतन आपके खाते में जमा हो गया है। अब पत्नी के फोन पर मैसेज आएगा,आपके पति की आधी कमाई सुरक्षित पहुंच गई है। उधर पति बैंक बैलेंस देखेगा तो उसे लगेगा कि शायद शराब के दाम बढ़ गए हैं, लेकिन असल में सरकार ने उसकी आर्थिक आदतों का इलाज शुरू कर दिया है।

# महिलाओं के हुनर को रोजगार में बदलने की जरूरत



देश के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि उसके श्रम की कोई कीमत नहीं है. दिन की शुरूआत घर के काम से होती है और एक बड़ा हिस्सा खेत, पशुओं और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच गुजर जाता है। सुबह से शाम तक काम करने के बावजूद उसके हाथ में अपनी कमाई नहीं होती है। वह परिवार की अर्थव्यवस्था को संभालने में लगातार योगदान देती है, लेकिन इसके बावजूद आर्थिक फैसलों में उसकी भूमिका लगभग जीरो होती है। लूणकरणसर जैसे ग्रामीण क्षेत्र में यह स्थिति आज भी साफ दिखाई देती है, जहां महिलाओं के पास हुनर और मेहनत दोनों हैं, लेकिन इन्हें नियमित आमदनी में बदलने के अवसर उनके पास नहीं हैं।

राजस्थान में महिलाओं की शिक्षा की स्थिति भी इस तस्वीर को समझने में मदद करती है। 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला साक्षरता दर 58.75 प्रतिशत थी, जबकि पुरुषों की ग्रामीण साक्षरता दर 78.57 प्रतिशत थी। यानी दोनों के बीच करीब 20 प्रतिशत अंक का अंतर था। पिछले वर्षों में शिक्षा के अवसर बढ़े हैं, लेकिन ग्रामीण समाज के कई हिस्सों में लड़कियों की पढ़ाई आज भी परिवार की प्राथमिकताओं में पीछे रह जाती है। घर की कमजोर आर्थिक स्थिति, स्कूल की दूरी, घरेलू जिम्मेदारियां और कम उम्र में विवाह जैसी परिस्थितियां उनकी शिक्षा को बीच में रोक देती है। विवाह के बाद वह घर की चारदीवारी तक सीमित होकर रह जाती हैं।

जब किसी महिला के पास अपनी आमदनी नहीं होती, तो रोजमर्रा की छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए भी उसे परिवार के पुरुष सदस्यों पर निर्भर रहना पड़ता है। यह निर्भरता केवल पैसे की कमी नहीं है। कई बार यह उसके अपने फैसले लेने की क्षमता को भी सीमित करती है। ऐसी स्थिति में अगर घर में उसके साथ हिंसा या किसी तरह का दुर्व्यवहार होता है, तो आर्थिक मजबूरी उसके सामने विकल्पों को और कम कर देती है। इसलिए ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ना केवल परिवार की आय बढ़ाने का मामला नहीं है बल्कि यह उन्हें अपने जीवन से जुड़े फैसलों में अधिक भागीदारी देने और कठिन परिस्थितियों में अपने लिए आवाज उठाने की क्षमता देने का भी सवाल है।

ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए ऐसे कामों की जरूरत है, जिन्हें वे अपने घर में रहते हुए कर सकें। सिलाई इसका एक उदाहरण है। राजस्थान के गांवों में बड़ी संख्या में महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई और दूसरे पारंपरिक हुनर आते हैं। लेकिन हुनर और बाजार के बीच की दूरी इतनी अधिक है कि यह कौशल अक्सर घरेलू काम तक ही सीमित रह जाता है। यदि महिलाओं को बेहतर प्रशिक्षण, कच्चा माल, डिजाइन की जानकारी, तैयार उत्पाद के लिए बाजार और उचित कीमत मिले, तो यही हुनर नियमित आमदनी का माध्यम बन सकता है।

इसी तरह पापड़, अचार, मसाले और दूसरे खाद्य उत्पाद बनाने की परंपरा भी राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में लंबे समय से रही है। इन कामों को घरेलू गतिविधि मानकर छोड़ देने के बजाय छोटे कारोबार के रूप में विकसित करने की जरूरत है। गांव की महिलाओं के समूह मिलकर उत्पादन कर सकते हैं, स्थानीय बाजार में बेच सकते हैं और आगे चलकर पैकेजिंग तथा ऑनलाइन बाजार तक पहुंच बना सकते हैं। इसके लिए केवल प्रशिक्षण देना पर्याप्त नहीं होगा। महिलाओं को बाजार की जानकारी, उत्पाद की गुणवत्ता, कीमत तय करने, बचत, बैंकिंग और डिजिटल भुगतान जैसी बुनियादी बातों से भी जोड़ना होगा। तभी घर में बनाया गया सामान बाजार तक पहुंच पाएगा।

विडंबना यह है कि गांवों की अर्थव्यवस्था में महिलाओं का सबसे बड़ा योगदान उन कामों में है, जिन्हें अक्सर काम ही नहीं माना जाता। महिलाएं खेतों में बीज बोने से लेकर निराई-गुड़ाई और फसल से जुड़े कई काम करती हैं। पशुपालन में चारा लाना, पशुओं की देखभाल, दूध निकालना और उससे जुड़े घरेलू कामों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की हालिया जेंडर रणनीति में भी ग्रामीण महिलाओं की कृषि और विशेष रूप से पशुपालन में बड़ी भागीदारी दर्ज की गई है। फिर भी इन कामों से होने वाली आय पर उनका नियंत्रण नहीं होता है।

बीकानेर जिले के लूणकरणसर ब्लॉक का कुजटी गांव इस स्थिति को करीब से समझने का अवसर देता है। लगभग 2500 की आबादी वाले इस गांव में करीब 900 महिलाएं हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार केवल 50 से 60 महिलाएं ही किसी न किसी प्रत्यक्ष रोजगार से जुड़ी हैं। इनमें कुछ महिलाएं सिलाई का काम करती हैं, जबकि कुछ सड़क निर्माण, तालाब की सफाई और पौधारोपण जैसे कामों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करती हैं। लेकिन मेहनत और मजदूरी के स्तर पर उनके श्रम को कई बार पुरुषों की तुलना में कम महत्व दिया जाता है।

कुजटी जैसी जगहों पर बदलाव की शुरूआत स्थानीय संसाधनों और महिलाओं के मौजूदा कौशल से की जा सकती है।

जिन महिलाओं को सिलाई आती है, उन्हें बाजार से जोड़ा जाए। जो महिलाएं पापड़, अचार या दूसरे खाद्य पदार्थ बना सकती हैं, उनके समूह बनाए जाएं, या जो समूह पहले से इस क्षेत्र में हैं उनके साथ इन्हें जोड़ा जाए। जो महिलाएं पशुपालन करती हैं, उन्हें दूध, घी, दही या दूसरे उत्पादों की बिक्री से जोड़ा जाए। खेतों में महिलाओं के श्रम को केवल पारिवारिक मदद न मानकर कृषि उत्पादन का हिस्सा माना जाए। इससे रोजगार के ऐसे रास्ते बन सकते हैं, जिनके लिए महिलाओं को अपने गांव से दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

इसके साथ एक और जरूरी बदलाव यह है कि महिलाओं की कमाई पर उनका अधिकार हो। केवल यह कहना पर्याप्त नहीं कि महिला ने रोजगार पा लिया। यह भी जरूरी है कि उसकी कमाई उसके अपने बैंक खाते तक पहुंचे, वह अपनी आय और बचत के बारे में खुद निर्णय ले सके, तब कहीं जाकर परिवार के आर्थिक फैसलों में उसकी भी बात सुनी जाएगी। आर्थिक मजबूती तभी वास्तविक होगी, जब महिला की मेहनत का मूल्य भी तय हो और उसकी कमाई पर उसका अधिकार भी हो।

गांवों में महिलाओं के पास मेहनत की कमी नहीं है, हुनर की कमी नहीं है और जिम्मेदारी उठाने की क्षमता भी कम नहीं है। कमी है तो ऐसे अवसरों की, जो उनके काम को पहचान दे और उसे बाजार से जोड़ सके। यदि गांव की महिला को उसके घर और गांव के आसपास ही सम्मानजनक रोजगार मिल सके, तो उसके लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह खुल सकती है। जिन हाथों ने खेतों, पशुओं और घरों को वर्षों से संभाला है, उन्हें अपनी कमाई का अवसर मिलना चाहिए। ग्रामीण विकास की तस्वीर तभी पूरी होगी, जब उसमें महिलाओं की मेहनत को केवल सहयोग नहीं, बल्कि रोजगार और आर्थिक योगदान के रूप में पहचान दिया जाएगा।

**(यह लेखिका की निजी राय है)**

# भारत का संविधान अनुच्छेद 74 : राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रिपरिषद

संविधान जागरूकता श्रृंखला के अगले क्रम में कैलाश चंद एडवोकेट ने कहा कि भारतीय संविधान ने अनुच्छेद 52 के माध्यम से भारत में राष्ट्रपति के पद की स्थापना, अनुच्छेद 53 के माध्यम से संघ की कार्यपालिका शक्ति राष्ट्रपति में निहित करने, अनुच्छेद 54 और 55 के माध्यम से राष्ट्रपति के निर्वाचन की व्यवस्था, अनुच्छेद 56 से 62 तक राष्ट्रपति की पदावधि, पुनर्निर्वाचन की पात्रता, योग्यताओं, पद की शर्तों, शपथ, महाभियोग तथा पद में रिक्ति होने पर निर्वाचन की व्यवस्था और अनुच्छेद 63 से 71 तक उपराष्ट्रपति तथा राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचन से संबंधित संवैधानिक प्रावधान करने के बाद, अनुच्छेद 72 में राष्ट्रपति की क्षमादान आदि की शक्ति, अनुच्छेद 73 में संघ की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार तथा अनुच्छेद 74 में राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मंत्रिपरिषद की व्यवस्था की है।

अनुच्छेद 74 का मूल उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि राष्ट्रपति को शासन संबंधी कार्यों के निर्वहन में सहायता और सलाह देने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मंत्रिपरिषद होगी तथा राष्ट्रपति अपने संवैधानिक कार्यों का निर्वहन मंत्रिपरिषद की सलाह के अनुसार करेंगे। उन्हीने कहा राष्ट्रपति का पद संवैधानिक गरिमा का प्रतीक है, मंत्रिपरिषद शासन की जिम्मेदारी निभाती है। प्रधानमंत्री उसका नेतृत्व करते हैं, और मैं इन सभी के बीच संवैधानिक संबंध निर्धारित करता हूँ। अनुच्छेद 74 का संवैधानिक प्रावधान

अनुच्छेद 74(1) के अनुसार, राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक मंत्रिपरिषद होगी। राष्ट्रपति अपने कार्यों का निर्वहन करते समय मंत्रिपरिषद की सलाह के अनुसार कार्य करेंगे।

इसका सरल अर्थ यह है कि भारत में संसदीय शासन प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रपति संवैधानिक प्रमुख हैं और प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद शासन संबंधी निर्णयों तथा नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

राष्ट्रपति और मंत्रिपरिषद के बीच यह संबंध संविधान द्वारा निर्धारित किया गया है। इसका उद्देश्य शासन व्यवस्था को संवैधानिक मयार्दा, उत्तरदायित्व और स्पष्टता के साथ संचालित करना है।

उन्होंने फिर कहा शासन केवल पदों से नहीं चलता, पदों के बीच निर्धारित जिम्मेदारियों से चलता है। मैंने राष्ट्रपति को संवैधानिक प्रमुख बनाया, प्रधानमंत्री को मंत्रिपरिषद का नेतृत्व दिया और शासन को संवैधानिक नियमों से बाँधा। प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद की संवैधानिक भूमिका अनुच्छेद 74 में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मंत्रिपरिषद की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री मंत्रिपरिषद का नेतृत्व करते हैं तथा सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अनुच्छेद 75 के अनुसार प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर करते हैं। अनुच्छेद 75(3) के अनुसार मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से लोकसभा के प्रति उत्तरदायी होती है।

इसका अर्थ है कि मंत्रिपरिषद अपने निर्णयों और नीतियों के लिए लोकसभा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी रखती है। यह व्यवस्था संसदीय लोकतंत्र में सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण संवैधानिक आधार है।

उन्होंने कहा कि जिसे शासन की जिम्मेदारी दी जाती है, उसे जवाबदेही से भी जोड़ा जाता है। लोकसभा के प्रति मंत्रिपरिषद की जिम्मेदारी मेरी संसदीय व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है।

राष्ट्रपति द्वारा मंत्रिपरिषद की सलाह पर पुनर्विचार

अनुच्छेद 74 के परंतुक में राष्ट्रपति को मंत्रिपरिषद की सलाह पर पुनर्विचार करने के लिए कहने का अधिकार दिया गया है।

इस प्रावधान के अनुसार राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद से उसकी सलाह पर सामान्य रूप से या अन्यथा पुनर्विचार करने की अपेक्षा कर सकते हैं। लेकिन पुनर्विचार के बाद मंत्रिपरिषद जो सलाह देती है, राष्ट्रपति को उसके अनुसार कार्य करना होता है।

इस व्यवस्था को सरल भाषा में समझें तो राष्ट्रपति किसी सलाह पर पुनर्विचार के लिए कह सकते हैं, लेकिन पुनर्विचार के बाद मंत्रिपरिषद द्वारा दी गई सलाह के अनुसार कार्य करना संवैधानिक रूप से आवश्यक है।

यह प्रावधान राष्ट्रपति और मंत्रिपरिषद के बीच संवैधानिक संतुलन को स्पष्ट करता है।

मैं, भारत का संविधान, फिर कहता हूँ–

पुनर्विचार का अवसर भी दिया है, ताकि निर्णयों पर दोबारा विचार हो सके। लेकिन शासन की संवैधानिक व्यवस्था में निर्णय और उत्तरदायित्व का संबंध स्पष्ट रहना चाहिए।

42वाँ और 44वाँ संविधान संशोधन

अनुच्छेद 74 के वर्तमान स्वरूप को समझने के लिए 42वें और 44वें संविधान संशोधन का उल्लेख आवश्यक है।

42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा अनुच्छेद 74(1) में यह स्पष्ट किया गया कि राष्ट्रपति अपने कार्यों का निर्वहन मंत्रिपरिषद की सलाह के अनुसार करेंगे। यह संशोधन 3 जनवरी 1977 से प्रभावी हुआ।

44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा अनुच्छेद 74 में परंतुक जोड़ा गया

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की शिक्षा आज के युग में

**आचार्य सी ए.,प्रा.,डॉ. शंकर घनशामदास अंदानी**

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भारतीय संस्कृति में सत्य, कर्तव्य, त्याग, संयम और आदर्श आचरण के प्रतीक माने जाते हैं। उनका जीवन केवल धार्मिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों और युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। आज के आधुनिक और प्रतिस्पर्धात्मक युग में श्रीराम के आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व का सुंदर विकास कर सकते हैं।

श्रीराम के जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा सत्य और वचनपालन है।

विद्यार्थी इसका पालन परीक्षा में कर सकते हैं। नकल करके अच्छे अंक प्राप्त करने के बजाय अपनी मेहनत और ईमानदारी पर विश्वास करना श्रीराम के आदर्शों को अपनाना है। यदि विद्यार्थी से कोई गलती हो जाए, तो उसे छिपाने के बजाय स्वीकार करके सुधारने का प्रयास करना चाहिए। श्रीराम हमें कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की शिक्षा देते हैं।

विद्यार्थी नियमित रूप से विद्यालय जाएँ, समय पर गृहकार्य पूरा करें और पढ़ाई के लिए समय-सारणी बनाएँ। मोबाइल, खेल या मनोरंजन में अत्यधिक समय न लगाकर पढ़ाई और मनोरंजन के बीच संतुलन रखना भी अनुशासन का उदाहरण है। उनके जीवन से माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करना भी सीखा जा सकता है। विद्यार्थी अपने माता-पिता की बात ध्यान से सुनें, उनके परिश्रम को समझें और शिक्षकों के प्रति सम्मान रखें। गुरु द्वारा दी गई अच्छी सलाह को अपने व्यवहार में उतारना सच्चे अर्थों में गुरु का सम्मान है।

श्रीराम के जीवन में मित्रता और सहयोग का भी विशेष महत्व दिखाई देता है। विद्यार्थी अपने मित्र की पढ़ाई में सहायता कर सकते हैं, कमजोर विद्यार्थी को समझा सकते हैं और किसी साथी का मजाक उड़ाने के बजाय उसका उत्साह बढ़ा सकते हैं। इससे विद्यालय में सहयोग और भाईचारे की भावना विकसित होती है। श्रीराम हमें धैर्य और संयम भी सिखाते हैं। परीक्षा में कम अंक आने पर निराश होने के बजाय अपनी गलतियों को पहचानकर अगली बार बेहतर तैयारी करना चाहिए। किसी मित्र से विवाद होने पर तुरंत क्रोध करने के बजाय शांत होकर बातचीत करना भी संयम का उदाहरण है।

आज सोशल मीडिया के युग में भी श्रीराम की शिक्षा अत्यंत उपयोगी है। बिना सत्य जाँचे किसी संदेश को आगे न भेजना, किसी व्यक्ति के बारे में अपमानजनक टिप्पणी न करना और इंटरनेट का जिम्मेदारी से उपयोग करना एक अच्छे विद्यार्थी की पहचान है।

इस प्रकार श्रीराम के आदर्श केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं हैं। ईमानदारी से परीक्षा देना, समय का सदुपयोग करना, माता-पिता और गुरु का सम्मान करना, मित्रों की सहायता करना, क्रोध पर नियंत्रण रखना और कठिनाइयों में धैर्य बनाए रखना–ये सभी श्रीराम की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने के व्यावहारिक तरीके हैं। यदि विद्यार्थी इन मूल्यों को अपनाएँ, तो वे केवल अच्छे विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि अच्छे इंसान और जिम्मेदार नागरिक भी बन सकते हैं।

# आज का रंग-गाइड के ससंग

कई अहंकार राख में हैं फिर भी...मनुष्य अहंकार में है...!!!

उनसे मिली नजर के मेरे होश उड़ गए...इस पंक्ति में लगता है कवि ने शायद बिना मेकअप के लड़की देख ली होगी...!!!

नेपोलियन ने कहा था कि एक ही दुश्मन से बार बार न लड़ें वर्ना आप अपने तमाम युद्ध कौशल उसे सिखा देंगे...पति पत्नी के संबंध में भी तो यही होता है,जब पत्नी कहती है तुम्हारी सब पैंतरे बाजी जानती हूं मैं...!!!

तुम्हारी हॉबी क्या है ? - लड़की के ये पूछने पर लड़का - मुझे अनजान लोगों के साथ सफर करना पसन्द है...बाद में पता चला कि लड़का ऑटो चलाता है...!!!

मुझे रंगों की कोई जरूरत नहीं है...लोग मेरी बातों से ही लाल पीले हो जाते हैं...!!!

सुखी जीवन चाहते हो तो सम्पति हमेशा माँ के नाम से लो और लोन अपनी पत्नी के नाम से...!!!

आज डछ पर एक ऐड देख आँखे भर आईं...फॉर सेल- शादी का शेरवानी सूट...सिर्फ एक बार वो भी गलती से पहना हुआ...!!!

मौत को देखा तो नहीं पर शायद वो बहुत खूबसूरत होगी... कमबख्त जो भी उससे मिलता है,जीना छोड़ देता है...!!!

गुड विल इसी को कहते हैं...आज क्लब में दारू पीने का कॉम्पिटिशन हुआ-मेरे ये कहने पर पत्नी जी-अच्छा दूसरे नंबर पर कौन आया...???

डिग्री का बार बार क्या पूछना?- सिकुड़ता सीना कई बार खुदबखुद सब बता देता है...!!!

कभी पड़ोसी भी घर का हिस्सा हुआ करते थे...आज एक ही घर में न जाने कितने पड़ोसी रहते हैं...???

जब मोबाइल में 100%चार्ज देखता हूँ तो कसम से...दुनिया मेरी मुट्ठी में जैसी फीलिंग आती है...!!!

अगर मैं तुम्हें छोड़ कर चली गई तो तो तुम क्या करोगे? पत्नी के पूछने पर मैं- अरे! मैं तो पागल ही हो जाऊँगा तो पत्नी-मतलब तुम दूसरी शादी नहीं करोगे..? इस पर मैनें कहा-पागल कुछ भी कर सकता है...!!!

जिसका कोई नहीं होता,उस की बैटरी भी फुल रहती है...!!!

जोरावर सिंह चार वर्ष से एक सर्कस में शेरों को ट्रेनिंग दे रहे थे,एक दिन सुबह नाश्ता करते समय पत्नी से बहस हो गई,जोरावरसिंह को गुस्सा आ गया, नाश्ता छोड़ कर सर्कस चले गये,गुस्से में आगबबूला पत्नी ने रोका नहीं,शाम को अचानक ही मूसलाधार बारिश शुरू हो गई,जोरावर सिंह का गुस्सा शान्त नहीं हुआ था,वो रात वही रुके और शेर के साथ पिंजरे में ही कम्बल तान कर सो गये!रात ज्यादा बीत गई तो घर पर पत्नी को चिन्ता हुई, मोबाइल पर कॉल किया,गहरी नींद में थे,फोन सुना नहीं,पत्नी की परेशानी चरम पर ही पहुँच गई,कार निकाली, खुद ड्राइव करके सर्कस जा पहुँची, देखा जोरावर सिंह शेर के पिंजरे में खरार्टे ले रहे थे,पत्नी ने एक छड़ी उठाई और शेर के पिंजरे के पास गई,उसने छड़ी को अपने पति पर चुभोते हुए कहा-डरपोक कहीं के... यहाँ छुपे बैठे हो!तुम्हें क्या लगता है...ये शेर तुम्हें मुझ से बचा लेगा ? भुट्टा बेचने वाला तो बेचारा दंग ही रह गया,जब एक मॉडर्न बॉबकट जीन्सधारी लड़की ने आ कर कहा- अंकल,एक हैंडल वाला पॉपकॉर्न देना! डॉक्टर मुझे पतला होना है- दीपू के पूछने पर जवाब - इसका तो एक ही इलाज है कि तुम रोज एक ही रोटी खाओ तो दीपू-ये एक रोटी खाना खाने के बाद खानी है या खाने से पहले...!!! ना मैं गिरा...ना मेरे हौंसले गिरे... लेकिन मुझे गिराने में लोग कई बार गिरे...!!!

वो ऊपर ऑफिस जाने के लिये लिफ्ट में था,तभी एक लड़की परफ्यूम लगाये साथ वाले ऑफिस जाने के लिये लिफ्ट में आई,उसकी तरफ देख कर बोली- कोबरा परफ्यूम छह हजार, तभी एक और लड़की लिफ्ट में आई जबरदस्त परफ्यूम लगाये बोली- ब्रूट सात हजार रुपये,तब अचानक लिफ्ट रुक गई,दोनों लड़कियाँ अपनी अपनी नाक पर रुमाल रख हिकारत से उस लड़के की तरफ देखने लगी,फिर वो लड़का फिर मुस्करा कर बोला-मूली का पराँठा,तीस रुपये...!!! जरूरी नहीं,जिसमें साँसे नहीं हैं,वही मुर्दा जिसमें इन्सानियत नहीं,वह कौन सा जिन्दा...???

पहले धरती बहुत सुन्दर हुआ करती थी,और फिर गुटखा खाने वाले पैदा हो गये...!!!

मेरे घर वाले जब कहते हैं- भाड़ में जा...मैं सीधा व्हाट्सएप पर आ जाता हूं...!!! डॉक्टर साहब मैं रोज सपना देखता हूं, चूहे फुटबाल खेल रहे हैं,मरीज के ये कहने पर डॉक्टर बोले - ये दवाई ले लेना,ठीक हो,जाओगे! तो मरीज बोला - कल ले लूँ,कोई हर्ज तो नहीं तब डॉक्टर ने पूछा-कल ही क्यों,आज क्यों नहीं तो मरीज बोला-आज फुटबॉल का फाइनल मैच है..!! आज के जमाने में समझदार वही है...जो बोलता कुछ नहीं,मगर समझता सब कुछ है!

## हालात नहीं, सोच बदलें, चुनौतियों से जीतने का दिया मंत्र

**मीरजापुर।**
अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से मीरजापुर और भदोही के तीन शिक्षण संस्थानों में 22 से 24 सितंबर तक कार्यक्रम हुए। इनमें विद्यार्थियों को तनाव, असफलता और जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बनाए रखने के तरीके बताए गए।
कार्यक्रम में ब्रह्मा कुमारीज की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका डॉ. सुनीता दीदी ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां हमेशा अनुकूल नहीं होतीं, लेकिन व्यक्ति की प्रतिक्रिया और सोच उसके नियंत्रण में रहती है। सकारात्मक दृष्टिकोण कठिन परिस्थितियों में समाधान तलाशने और आत्मविश्वास बनाए रखने में मदद करता है।
उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मसम्मान, अनुशासन और आत्मचिंतन पर ध्यान देने को कहा। राजयोग ध्यान के जरिए मन को शांत रखने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि नकारात्मक विचार व्यक्ति की ऊर्जा और निर्णय क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं, जबकि सकारात्मक सोच कठिन समय में रास्ता तलाशने में मदद करती है।
गुरुवार को स्वामी गोविंदाश्रम पीजी कॉलेज, पैड़ापुर में हुए कार्यक्रम में प्रबंधक डॉ. रविंद्र कुमार द्विवेदी, प्राचार्य डॉ. कमलेश मिश्रा, डॉ. स्नेहलता, बीके बिंदु बहन समेत शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन ऋतुराज श्रीवास्तव ने किया।

## देवरिया : पांच दिवसीय बैंकिंग समेत मांगों को लेकर बैंककर्मियों का प्रदर्शन

**देवरिया ।**
यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर गुरुवार को पंजाब नेशनल बैंक की मेन शाखा पर बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। शाम करीब 5:30 बजे आयोजित प्रदर्शन में कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की।
प्रदर्शनकारियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने और पीएलआई से जुड़े मुद्दों समेत अन्य मांगों पर सरकार की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। बैंक कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांगों को लेकर लगातार आवाज उठाई जा रही है, लेकिन समाधान नहीं होने के कारण आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।
बैंक कर्मियों ने बताया कि 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित हड़ताल को लेकर सरकार के समक्ष अपनी मांगें दोबारा रखी जाएंगी। उन्होंने कहा कि यदि मांगों का समाधान नहीं हुआ तो अक्टूबर में अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया जा सकता है। धरने में यूआरबीईयू के जिला मंत्री रवींद्र प्रसाद समेत सुजीत कुमार चतुर्वेदी, कुलदीप शाह, शिवानंद त्रिपाठी, गिरिजेश श्रीवास्तव, त्र्यम्बिकेश पांडेय, साहिल, धनंजय सिंह, मत्येंद्र यादव, सौराम दास, अरुण सिंह, रत्नाकर मणि, मनोज तिवारी, प्रवीण शुक्ला, दीपलता, अर्पिता और अर्चना समेत बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल रहे।

## अब दो नहीं, चार श्रेणियों में करें कचरे का पृथक्करण : उत्तर मध्य रेलवे

**प्रयागराज।**
स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2026 के तहत उत्तर मध्य रेलवे की रेलगांव कॉलोनी, सूबेदारगंज में गुरुवार को जनभागीदारी जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में कॉलोनीवासियों को कचरे के सही पृथक्करण, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और घरों में गीले कचरे से खाद बनाने के प्रति जागरूक किया गया। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक उत्तर मध्य रेलवे के सभी मंडलों, कारखानों, इकाइयों और कार्यालयों में चलाया जा रहा है।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का अमित शाह ने किया उद्घाटन



**नोएडा।**
केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआइटीएस) के चौथे संस्करण का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री नंद गोपाल नंदी, राकेश सचान सहित कई मंत्री, अधिकारी शामिल रहे। इस ट्रेड शो में पहली बार आस्ट्रिया, जापान, रूस, सिंगापुर, बेलारूस और वियतनाम साझेदार देश के तौर पर सहभागिता कर रहे हैं।
इन देशों की भागीदारी से व्यापार साझेदारी, तकनीकी सहयोग, सोर्सिंग, निवेश और नए बाजारों तक प्रदेश के उत्पादों की पहुंच के अवसर बढ़ेंगे। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खरीदारों की बीटूबी बैठक, सेक्टोरल नीति सत्र से प्रदेश में निवेश की नई संभावनाएं तैयार की जाएंगी।
ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक चलने वाले यूपीआईटीएस में 2,400 से अधिक प्रदर्शकों, 1.5 लाख से अधिक बीटूबी खरीदारों एवं आगंतुकों, 4.5 लाख से अधिक सामान्य आगंतुकों तथा 85 देशों के 550 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के शामिल होने की उम्मीद है।
इसमें अब तक 72 देशों से विदेशी खरीदारों के पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं। एफआईईओ के होस्टेड बायर प्रोग्राम के माध्यम से वास्तविक खरीदारों, आयातकों, वितरकों, रिटेलर्स, सोर्सिंग एजेंट्स, प्रोक्योरमेंट प्रमुखों, व्यापार संघों और व्यावसायिक उद्यमों को आयोजन से जोड़ा जा रहा है। बीटूबी मैचमेकिंग, नेटवर्किंग और बिजनेस सेशंस के माध्यम से खरीदारों और प्रदर्शकों को सीधे कारोबारी संवाद का अवसर मिलेगा।
यूपीआईटीएस में उत्तर प्रदेश की औद्योगिक, कृषि, हस्तशिल्प और सेवा क्षेत्र की विविधता दिखाई देगी। इसमें कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, ऑटोमोबाइल, ईवी एवं ऑटो कंपोनेंट्स, एविएशन, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ई-कॉमर्स, आईटी एवं स्मार्ट-सिटी सॉल्यूशंस, फिल्म एवं मनोरंजन, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी, फूड प्रोसेसिंग एवं एफएमसीजी, बागवानी, हैंडलूम, हस्तशिल्प एवं टेक्सटाइल्स, स्वास्थ्य, वेलनेस, आयुष, फार्मास्यूटिकल्स एवं मेडिकल इक्विपमेंट, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग एवं रियल एस्टेट, लेदर, पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी, स्पोर्ट्स, टॉयज, रिन्यूएबल एनर्जी, पावर, माइनिंग, लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग, रिटेल, फाइनेंशियल सर्विसेज, शिक्षा एवं कौशल, पैकेजिंग एवं प्रिंटिंग तथा जल, स्वच्छता एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन जैसे क्षेत्र शामिल होंगे।
प्रदर्शनी में एमएसएमई विकास, उद्यमिता एवं कौशल विकास, क्लस्टर विकास, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, प्रोक्योरमेंट एवं मार्केटिंग सहायता, रोजगार सृजन तथा ग्रामीण एवं शहरी विकास से जुड़ी सरकारी योजनाओं और नीतियों को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। औद्योगिक निवेश, निर्यात, टेक्सटाइल्स और गारमेंटिंग से संबंधित उत्तर प्रदेश की सेक्टोरल पॉलिसीज भी आयोजन का हिस्सा होंगी।
यूपीआईटीएस में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और पाक पहचान को भी विशेष स्थान दिया गया है। ह्यवन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्टह्न पहल के साथ इस वर्ष ह्यवन डिस्ट्रिक्ट, वन क्यूजीनह्न को विशेष पहचान दी जाएगी। इसके माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों की पारंपरिक पाक विधियों, स्थानीय व्यंजनों और खाद्य विरासत को देश और दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है।
पांच दिवसीय आयोजन में बिजनेस एंगेजमेंट्स, नॉलेज सेशंस, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव परफॉर्मेंस, अवॉर्ड्स, फैशन शो और लेजर शो सहित कई गतिविधियां होंगी। नॉलेज प्रोग्राम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल ट्रेड, फूड प्रोसेसिंग, एमएसएमई, ग्लोबल फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स और अन्य उभरते क्षेत्रों पर चर्चा होगी।

## केशव प्रसाद मौर्य ने अमित शाह से की मुलाकात, मिशन 2027 पर हुई चर्चा



**लखनऊ।**
उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस उच्चस्तरीय बैठक में आगामी चुनावों की रणनीति, संगठनात्मक कार्य तथा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। 2027 में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने का संकल्पबैठक के उपरांत उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक तीसरी बार सरकार बनाने के दृढ़ संकल्प को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री के साथ विस्तृत रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। श्री मौर्य ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता प्रदेश भर में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाकर 'डबल इंजन' सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर पहुंचाएंगे। डबल इंजन सरकार की योजनाओं से किस प्रकार आम जनमानस और गरीब परिवारों का जीवन सुखमय, समृद्ध और सशक्त हुआ है, इसे प्रत्येक नागरिक तक साझा किया जाएगा। इसके साथ ही, 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति हेतु भाजपा का नेतृत्व क्यों अनिवार्य है, यह संदेश भी जन-जन तक ले जाया जाएगा। 12 वर्षों में बदल गई देश की तस्वीर केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनहितैषी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि जो ऐतिहासिक कार्य विपक्ष 70 वर्षों के शासन में नहीं कर सका, वह प्रधानमंत्री जी ने बीते 12 वर्षों में धरातल पर साकार करके दिखा दिया है।

## पंडित दीनदयाल ने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को दी सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।**
'अंत्योदय' के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती शुक्रवार को मनाई गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।
मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर पं. दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने लिखा कि 'एकात्म मानववाद' एवं 'अंत्योदय' के प्रणेता, प्रखर राष्ट्रचिंतक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि।
पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों पर आधारित विकास की ऐसी अवधारणा प्रस्तुत की, जिसमें समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन को आज भी समावेशी, आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण का प्रेरणास्रोत बताया।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा पंडित जी का जन्म 25 सितंबर 1916 को हुआ। 1942 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक बने और अपना जीवन भारत के लिए समर्पित कर दिया। 1951 में जनसंघ की स्थापना में मुख्य भूमिका निभाई और 1967 में उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। 11 फरवरी 1968 को उनका निधन हो गया।

# झांसी : दो अलग-अलग मुठभेड़ में लूट और दहेज हत्या के आरोपित गिरफ्तार

### दो घायल,आरोपितों के कब्जे से तमंचे, कारतूस और घटनाओं में प्रयुक्त वाहन बरामद



**झांसी।**
उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में पुलिस ने शुक्रवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए लूट और दहेज हत्या के मामलों में वांछित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। नवाबाद पुलिस ने शुक्रवार को लूट की घटना का 24 घंटे में खुलासा करते हुए दो आरोपितों को मुठभेड़ के दौरान पकड़ा, जबकि सीपरी बाजार पुलिस और स्वाट टीम ने दहेज हत्या के मामले में 25 हजार रुपये के इनामी आरोपित को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। दोनों घटनाओं में पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से तमंचे, कारतूस और घटनाओं में प्रयुक्त वाहन बरामद किए। दोनों मुठभेड़ में एक-एक आरोपित के पैर में गोली लगी।

**लूट का 24 घंटे में खुलासा, मुठभेड़ में घायल समेत दो गिरफ्तार**

नवाबाद थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन के आगे पानी की टंकी के पास हुई लूट का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान मोहम्मद सुलतान निवासी अली गोल खिड़की और पुलिस नंबर नौ निवासी अन्नू उर्फ समीम को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में मोहम्मद सुलतान के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।
एसपी सिटी प्रीति सिंह ने बताया कि महाराजगंज निवासी हेमंत कुमार ने 24 सितंबर को तहरीर देकर बताया था कि स्कूटी सवार बदमाशों ने उसके और साथी के साथ मारपीट कर तीन हजार रुपये और मोबाइल फोन लूट लिया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी थी। एक नामजद आरोपित अफसर को मौके पर ही लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था।
शेष आरोपितों की तलाश में रेलवे ग्राउंड के पीछे पुलिया नंबर नौ की ओर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम का स्कूटी सवार आरोपितों से सामना हुआ। पुलिस के मुताबिक, आरोपितों ने फायरिंग की, जिसके जवाब में की गई कार्रवाई में मोहम्मद सुलतान के पैर में गोली लगी। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल, एक हजार रुपये, दो तमंचे 315 बोर, कारतूस, खोखे और स्कूटी बरामद हुई।

## सत्ता पाने के लिए ममता के इशारे पर टीएमसी के गुंडों ने की विधानसभा चुनाव में 350 बीजेपी कार्यकताओं की हत्या : जोएल मुर्मू

**उत्तर प्रदेश/मालदा।**
पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की ममता सरकार के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शुभेंदु अधिकारी की सरकार को सत्ता पर काबिज हुए चार महीने हो चुके हैं। पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा में बांग्लादेशी घुसपैठ एक बड़ा मुद्दा रहा है।
हिन्दुस्थान समाचार के संवाददाता ने पश्चिम बंगाल में ममता सरकार की विदाई के बाद मालदा जनपद में स्थित भारत बांग्लादेश बॉर्डर का जायजा लिया। इस दौरान आगरा-



होशियारचंद्र गांव रोड पर बीएसएफ की अस्थायी चौकियां बनी हुई दिखाई दी। स्थानीय किसानों ने बातचीत में बताया कि इस जगह से बांग्लादेश की सीमा पांच किलोमीटर दूर है और बांग्लादेशी घुसपैठिये वहां से उनके खेतों में खड़ी फसलों को काट लेते हैं। उनके पालतू जानवरों की चोरी कर ले जाते हैं। यहां तालाबों में पल रही मछलियों को मारने के लिए जहर डाल देते हैं।
उन्होंने बताया कि प्रदेश में सरकार बदलने पर नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने किसानों की जमीन अधिग्रहण कर बीएसएफ को सौंप दी है और बीएसएफ ने अस्थाई बॉर्डर की जगह जीरो प्वाइंट इजरायली तकनीक का इस्तेमाल कर फिनिशिंग का काम शुरू कर दिया है।

## डबल डेकर बस में आग लगने की घटना को सोशल मीडिया पर भ्रामक रूप से प्रसारित करने वाली युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा।**
उत्तर प्रदेश के नोयडा में थाना जेवर क्षेत्र में डबल डेकर एसी बस में आग लगने की घटना को सोशल मीडिया पर बढ़ा -चढ़ाकर प्रसारित करने तथा इस घटना के पीछे आरएसएस और बीजेपी के लोगों का हाथ होने का दावा करने वाले 'एक्स हैंडल संचालक एक युवती के खिलाफ थाना साइबर क्राइम में एक उप निरीक्षक ने आज मुकदमा दर्ज करवाया है।
पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि उपनिरीक्षक सुमित कुमार ने आज सुबह को साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि यमुना एक्सप्रेसवे पर एक डबल डेकर बस में कल आग




लग गई थी। जिसमें नौ लोगों की जलकर या दम घुटने से मौत हो गई थी। इस मामले में सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर रूमा खातून नामक युवती ने इसको बढ़ा-चढ़ाकर गलत ढंग से प्रसारित किया। उन्होंने कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे पर भाजपा और आरएसएस के लोगों ने बस में आग लगा दी है। कम से कम 30 यात्रियों की मौत हुई है। सभी मुस्लिम और ईसाई यात्री थे। यह भाजपा और आरएसएस की संस्कृति है।
उसने भारत के प्रधानमंत्री के प्रति भी अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया है। उन्होंने बताया कि यह बस कश्मीरी गेट दिल्ली से महोबा जनपद जा रही थी। इसका नोएडा में कोई स्टॉपेज नहीं था। पोस्ट कर्ता द्वारा उक्त पोस्ट को भ्रामक रूप से प्रसारित किया गया जो की पूर्णतः असत्य वह भ्रामक है। इस कारण कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना पैदा हो गई। पोस्ट कर्ता ने एक सुनियोजित ढंग से झूठी व भड़काऊ सूचना का प्रसारण कर जन सामान्य में भय, आक्रोश और राज्य प्रशासन के प्रति अविश्वास की भावना उत्पन्न करने का प्रयास किया।

# विवाहिता को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में बैंक मैनेजर पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**बांदा।**
उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में शहर कोतवाली क्षेत्र में विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने बैंक मैनेजर पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतका के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में विवाहिता पति वरुण कुमार त्रिपाठी, सास-ससुर और पति के मामा राम ब्रजेश तिवारी पर मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने तथा आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है।
महोबा जिले के कहरा निवासी आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने बेटी



आकांक्षा की शादी फरवरी 2017 में छावनी, बांदा निवासी वरुण कुमार त्रिपाठी के साथ की थी। आरोप है कि वर्ष 2025 तक संतान न होने पर पति और ससुरालियों ने आकांक्षा को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और तलाक लेने अथवा जान से मारने की धमकी दी। बाद में परिवार की पंचायत में पति के मामा ने बच्चा होने पर सब ठीक हो जाने की बात कही।
आरोप है कि जुलाई 2026 में आकांक्षा ने बांदा जिला अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया। जन्म के बाद बच्चे की हालत बिगड़ने पर उसे कानपुर के रीजेंसी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि करीब 10 दिन बाद सास और मामा वहां पहुंचे और इलाज में अधिक खर्च होने की बात कहते हुए बच्चे को रीजेंसी अस्पताल से डिस्चार्ज करा दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां करीब सात दिन बाद बच्चे की मौत हो गई।

# उत्तर प्रदेश के प्रयागराज समेत कई जनपदों में बारिश

### प्रयागराज सहित आस पास के जनपदों में हल्की से मध्यम से भारी हुई है,मानसून की विदाई से पहले फिर सक्रिय हुआ मौसम

**प्रयागराज।**
मानसून की विदाई से पहले उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम सक्रिय हो गया है।
शुक्रवार सुबह प्रयागराज समेत प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई है। वहीं, मौसम विभाग ने गरज-चमक, आकाशीय बिजली और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ बारिश की संभावना जताई है।
मौसम विभाग के मुताबिक, प्रयागराज मंडल एवं कानपुर मंडल सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है, जबकि कुछ जिलों में मध्यम से भारी बारिश के आसार हैं। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) कानपुर



के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पांडेय का कहना है कि मानसून की वापसी से पहले वातावरण में नमी और स्थानीय मौसमी परिस्थितियों के कारण प्रदेश के मध्य, पूर्वी और तराई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। उन्होंने लोगों को आकाशीय बिजली और तेज हवा के दौरान सावधानी बरतने तथा खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने की सलाह दी है।
मौसम विभाग की चेतावनी के मुताबिक, प्रयागराज के साथ सोनभद्र, मीरजापुर, चंदौली, संत रविदास नगर, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, बलिया, प्रतापगढ़, चित्रकूट, बांदा, कौशांबी, हमीरपुर, फतेहपुर, जालौन, रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, ललितपुर, झांसी, आजमगढ़, मऊ, सुलतानपुर, अंबेडकरनगर, अयोध्या, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, कानपुर देहात, उन्नाव, औरैया, लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर, बहराइच, गोंडा, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।
इसके अलावा जौनपुर, प्रतापगढ़, हमीरपुर, जालौन, रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, आजमगढ़, सुलतानपुर, अंबेडकरनगर, अयोध्या, संतकबीरनगर, बस्ती, कानपुर देहात, उन्नाव, औरैया, लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर, बहराइच, गोंडा, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की हवा के साथ आकाशीय बिजली और मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है।
मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से जुड़े मौसम तंत्र के प्रभाव और वातावरण में बनी नमी के कारण अगले कुछ दिनों तक बारिश के दौर जारी रह सकते हैं।

## नोएडा के अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं समेत चार ने की आत्महत्या

**नोएडा।**
उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर नोएडा के विभिन्न जगहों पर रहने वाली दो महिलाओं समेत चार लोगों ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के छलेरा गांव में रहने वाली एक महिला अंकिता उपाध्याय (30) पत्नी अमित कुमार पांडे शुक्रवार सुबह अपने घर पर मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। थाना प्रभारी डीपी शुक्ला ने बताया कि मृतका ने कोई सुसाइड नोट नहीं लिखा है। उन्होंने बताया कि उसके मायके वालों को घटना की सूचना दे दी गई है। अगर वे इस मामले में कोई शिकायत करेंगे तो



पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करेगी।
थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में भूड़ा कॉलोनी में रहने वाले युवक भारत सिंह (23) पुत्र रमेश प्रजापति ने शुक्रवार सुबह अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना फेस-दो के प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सेक्टर 83 मे रहने वाली विनीता (30) पत्नी धर्मेंद्र ने आज सुबह अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# गोरखपुर नक्षत्रशाला में पहला शो देखेंगे सीएम योगी, नवंबर में करेंगे उद्घाटन



**गोरखपुर।**
महंत अवेद्यनाथ ज्ञान-विज्ञान पार्क और वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला के पुनरुद्धार का काम पूरा होने के बाद अब उद्घाटन की तैयारियां तेज हो गई हैं। नवंबर के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नक्षत्रशाला के उद्घाटन की तैयारी है।

उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री नक्षत्रशाला का पहला शो भी देखेंगे। इससे पहले गुरुवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने दोनों परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) और निर्माण में लगी तीनों फर्मों को तय समय में काम पूरा करने के निर्देश दिए।मंत्री ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में सभी कार्य पूरे होने चाहिए, गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए।

महंत अवेद्यनाथ ज्ञान-विज्ञान पार्क के निर्माण पर 18.60 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। मंत्री ने प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पंधारी यादव और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के निदेशक-सचिव रमेश चंद्र के साथ पार्क के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया।

उन्होंने एन्सिएंट इंडियन साइंस गैलरी, इनोवेशन लैब, फन साइंस और स्पेस साइंस गैलरी के निर्माण की प्रगति देखी। इसके अलावा आउटडोर साइंस माडल, एंट्रेंस प्लाजा, कैफेटेरिया, पाथवे, ओपन एयर थिएटर, बस पार्किंग और डायनोटोरियम के माडल स्थापना कार्य का भी जायजा लिया।

मंत्री ने एस्ट्रोनामी एंड इंडियन स्पेस प्रोग्राम गैलरी तथा एल्युमिनियम डोम की स्थापना की प्रगति भी देखी। कहा कि पार्क में इंटरैक्टिव साइंस माडल और आधुनिक वैज्ञानिक प्रदर्शनियों के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया है।

**46.88 करोड़ से नक्षत्रशाला का आधुनिकीकरण**

वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला के आधुनिकीकरण पर 46.88 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। निरीक्षण के बाद मंत्री ने जीडीए और निर्माण में लगी मेसर्स चंद्र इवेंट्स एंड प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स खुशी इंटरप्राइजेज तथा मेसर्स इंफोविजन टेक्नोलाजीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। शेष कार्यों की समीक्षा करते हुए समयसीमा के भीतर उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि आधुनिकीकृत नक्षत्रशाला में खगोल एवं अंतरिक्ष विज्ञान को नई तकनीक के माध्यम से सरल और रोचक ढंग से समझने का अवसर मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान जीडीए उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल, मुख्य अभियंता किशन सिंह, सहायक अभियंता राजबहादुर सिंह, नक्षत्रशाला के वैज्ञानिक अधिकारी महादेव पांडेय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## खराब मौसम का विमान संचालन पर बड़ा असर, रांची जा रही IndiGo की फ्लाइट्स लखनऊ डायवर्ट





**लखनऊः**
बीते दो दिनों से खराब मौसम का आमजन के साथ ही उड़ानों पर भी असर हुआ है। झारखंड में तेज हवाओं के साथ बारिश का कारण रांची जाने वाली दो फ्लाइट्स को लखनऊ डायवर्ट किया गया। लखनऊ पर विमानों की सफल लैंडिग के बाद उनको शुक्रवार को आगे रवाना किया गया।

खराब मौसम का असर विमान संचालन पर भी देखने को मिल रहा है। खराब मौसम के कारण रांची जाने वाली दो उड़ानें लखनऊ डायवर्ट करनी पड़ीं और एक को रद किया गया। रांची में गुरुवार देर शाम मौसम खराब हो गया। इसका असर विमान संचालन पर भी पड़ रहा है। मौसम खराब होने के कारण रांची जा रही इंडिगो एयरलाइंस की दो उड़ानों को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, अमौसी पर डायवर्ट करना पड़ा। इनमें बेंगलुरु से रांची जा रही उड़ान 6ई221 बेंगलुरु-रांची इंडिगो Airbus A320 और दिल्ली से रांची जा रही उड़ान 6ई5023 दिल्ली-रांची इंडिगो की Airbus A320 शामिल हैं।

बेंगलुरु से रांची जा रही इंडिगो की उड़ान 6ई221 (एयरबस ए320) रात करीब 9:45 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरी। रांची में मौसम साफ नहीं होने के कारण विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर ही खड़ा रखा गया। विमान में सवार यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था होटल में की गई। विमान के शुक्रवार को रांची के लिए रवाना किया गया। लखनऊ एयरपोर्ट ने डायवर्ट उड़ानों को सहायता दी।

दिल्ली से रांची जा रही इंडिगो की उड़ान 6ई5023 (एयरबस ए320) को भी लखनऊ डायवर्ट किया गया। यह विमान रात 10:20 बजे लखनऊ पहुंचा और करीब डेढ़ घंटे तक वहीं रुका रहा। रांची का मौसम ठीक न होने पर इस विमान को यात्रियों के साथ रात 11:50 बजे वापस दिल्ली भेज दिया गया। यह विमान शुक्रवार को नवी मुंबई रवाना हो गया।जबकि इसके यात्रियों को शुक्रवार को दूसरे विमान से दिल्ली भेजा गया।

## दवाओं के नाम व जांचें हिंदी में लिखें चिकित्सक: बृजेश पाठक



**लखनऊ।**
उत्तर प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणमंत्री और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने राज्य के सभी चिकित्सकों से दवाओं और जांचों के नाम हिंदी अथवा देवनागरी में लिखने की अपील की है।

उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को लिखे पत्र में स्पष्ट किया कि वे निजी स्तर पर उन दवाओं को प्राथमिकता देंगे जिनके नाम हिंदी में लिखे होंगे। हिंदी में काम करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित भी किया जाएगा। पत्र में कहा गया है कि लोक-भाषा (क्षेत्रीय भाषा) में काम करने से मरीजों का विश्वास हमारी चिकित्सा प्रणाली पर और अधिक बढ़ेगा। उन्होंने डॉक्टरों से अपील की, कि यदि वे मरीजों से उनकी मातृभाषा (जैसे भोजपुरी, अवधी आदि) में संवाद करेंगे तो मरीज अपनी बीमारी और इलाज को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे और डॉक्टरों पर उनका विश्वास कई गुना बढ़ जाएगा।

बृजेश पाठक ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पत्र में लिखा कि लोकतन्त्र हमेशा लोक लाज और लोक भाषा से मजबूत होता है। राष्ट्रीय एकता हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं को मजबूत करने से स्वतः सशक्त होगी। इसलिए नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने आजाद हिन्द सरकार की राष्ट्रीय भाषा हिन्दी घोषित किया था। गुजराती मूल के पूज्य दयानन्द सरस्वती हिन्दी के प्रचार में जीवन पर्यन्त-यायावर रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विदेशों में भी हिन्दी व भारतीय भाषाओं में ही जन संवाद करते हैं। हमें इन महा पुरुषों, उनके कार्यों और उनकी सम्यक सोच से प्रेरणा लेनी चाहिए।

## आगरा: भाजपा विधायक छोटेलाल वर्मा को अंतिम विदाई, फतेहाबाद में उमड़ा जनसैलाब



**फतेहाबाद (आगरा)।**
फतेहाबाद के भाजपा विधायक छोटेलाल वर्मा का पार्थिव शरीर शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे उनके पैतृक गांव नगला देवहंस पहुंचा तो अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। करीब 12 से 15 हजार समर्थक और ग्रामीण अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने पहुंचे।

गांव का माहौल शोक में डूब गया और 'बाबूजी का नाम अमर रहेगा' के नारों से गूंज उठा। पार्थिव शरीर के पहुंचते ही लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और प्रमुख नेता भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

इनमें जिला पंचायत अध्यक्ष डा. मंजू भदौरिया, सांसद राजकुमार चाहर, पूर्व विधायक डा. राजेंद्र सिंह, जितेंद्र वर्मा, पूर्व मंत्री रामसकल गुर्जर, देवेंद्र त्यागी, राकेश कुशवाहा, पूर्व सांसद सीमा उपाध्याय, जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया और राहुल सिसोदिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

भीड़ अधिक होने से नगला देवहंस और आसपास के मार्गों पर यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। वाहनों की लंबी कतार लगने पर पुलिसकर्मियों को यातायात सुचारू कराने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने भीड़ को व्यवस्थित करते हुए वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की।

छोटेलाल वर्मा के निधन से फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में शोक की लहर है।

## नोएडा : केमिकल फैक्ट्री में लगी आग को बुझाने में 21 गाड़ियों ने साढे.पांच घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

**नोएडा।**
बादलपुर थाना क्षेत्र के धूम मानिकपुर गांव में स्थित एक केमिकल की फैक्ट्री में गुरुवार की मध्य रात्रि 2 बजे के करीब भयंकर आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 21 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने शुक्रवार को बताया कि 25 सितंबर की रात 2 बजे के करीब थाना बादलपुर क्षेत्र के धूम मानिकपुर गांव में स्थित धूम ऑर्गेनिक कंपनी जो की केमिकल बनाने का काम करती है, जिसमें बीतीरात को आग लग गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की 21 गाड़ियां तथा एसडीआरएफ की एक बटालियन मौके पर पहुंची। करीब साढे.पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कूल डाउन की कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि केमिकल फैक्ट्री में आग लगने की वजह से वहां से निकलने वाला जहरीले धुएं से आसपास के लोगों को सांस लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि ड्रम में केमिकल भरे होने की वजह से आग बुझाने में काफी परेशानियां हुई। केमिकल से भरे हुए ड्रम बम की तरह फट रहे थे। हालांकि आग बुझा ली गई है और अभी तक किसी भी प्रकार की जानहानि की बात सामने नही आई है।

## यूपी रोडवेज बस की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार सास की मौत, दामाद घायल

**नोएडा।**
नोएडा में बादलपुर थानाक्षेत्र में यूपी रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि उनके दामाद की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना बादलपुर के थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवती (50) अपने दामाद राजू के साथ बाइक पर सवार होकर बीती रात को जा रही थी। तभी थाना बादलपुर क्षेत्र के जीटी रोड पर एक रोडवेज की बस ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्हें उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर सोमवती की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि राजू की हालत नाजुक बनी हुई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिवार की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## रिजिनल मैनेजर ने गोली मारकर की आत्महत्या, सुसाइड नोट बरामद

**जौनपुर।**
उत्तर प्रदेश के जौनपुर में बक्शा थाना क्षेत्र के वाराणसी-जौनपुर हाइवे के पास गुरुवार की रात एक युवक द्वारा स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।

घटना के सम्बंध में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने बताया कि बक्शा थानान्तर्गत वाहन में एक व्यक्ति की घायल होने की सुचना मिली ,सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने कार का शीशा तोड़कर उन्हें बाहर निकाला और घायल अवस्था में नौपेड़वा सीएचसी पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कार से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। मृतक युवक की पहचान रिजनल बैंक मैनेजर दुर्गेश श्रीवास्तव( 35) वर्ष पुत्र अवधेश श्रीवास्तव निवासी किरन इनक्लेव कुर्सी रोड टेढ़ी पुलिया थाना गुडंबा जनपद के रूप में हुई है। वह अपनी कार से बदलापुर से जौनपुर जा रहे थे । रात में हाईवे के पास अपनी कार में स्वयं को गोली मार ली । शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मार्ग दुर्घटना में पति की मौत,पत्नी घायल

**फरुर्खाबाद।**
कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम सकबाई के पास गुरुवार की रात को वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार पति-पत्नी घायल हो गये। इलाज के दौरान पति की मौत हो गई तो वहीं उसकी पत्नी की हालत गंभी बनी हुई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि जनपद मैनपुरी थाना बेवर के ग्राम नगला सहाय निवासी शेशबरन शाक्य का 30 वर्षीय पुत्र सोनू पत्नी खुशबू के साथ बीती रात फरुर्खाबाद आवास विकास कॉलोनी स्थित दि केयर हॉस्पिटल में मां गीता को देखने गया था।

## बिहार के जमुई जैसी बर्बरता अब बदायूं में: प्रेमी-प्रेमिका को घेरकर पीटा, छेड़छाड़ का वीडियो बनाया; 3 गिरफ्तार



**बदायूं।**
बिहार के जमुई जैसी घटना बदायूं के उघैती थाना क्षेत्र में सामने आई है। यहां 17 सितंबर को जंगल में प्रेमी-प्रेमिका को क्षेत्र के ही आठ-दस युवकों ने घेर लिया।

दोनों के साथ मारपीट की गई और किशोरी से छेड़छाड़ करते हुए युवकों ने वीडियो भी बना लिया। किसी तरह दोनों युवकों के चंगुल से निकलकर वहां से भाग गए। घटना के बाद मामला दबा रहा, लेकिन गुरुवार को आरोपित युवकों ने वीडियो लोगों को दिखाना शुरू किया तो इसकी जानकारी पुलिस तक पहुंची। पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू की तो उन्होंने वीडियो डिलीट कर दिए।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनके मोबाइल भी जब्त किए गए हैं। पुलिस मोबाइल से डिलीट वीडियो बरामद करने का प्रयास कर रही है।

ताकि उसे विवेचना में साक्ष्य के तौर पर शामिल किया जा सके। पुलिस ने पीड़ित युवक और किशोरी की जानकारी कर उन्हें भी थाने बुलाया। युवक की तहरीर पर छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एसएसपी अंकिता शर्मा उघैती पहुंचीं हैं वह घटना स्थल का निरीक्षण करेंगी। उन्होंने बताया कि घटना 17 सितंबर की है और पीड़ित ने अब सामने आकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## चक्रवात अर्नब पड़ा ठंडा, आज 22 राज्यों में बारिश का पूवार्नुमान




**नई दिल्ली।**
बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात अर्नब ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों में तबाही मचाने के बाद ठंडा पड़ गया। चक्रवात रात 11 बजे से एक बजे के मध्य उत्तर आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा के तट से टकरा गया। इसके असर से दोनों राज्यों में भारी बारिश हुई और तेज हवा चली । आज देश के 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में बारिश होने का पूवार्नुमान जताया गया है।

अर्नब के प्रभाव की वजह से दक्षिण ओडिशा के 10 जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए । करीब पांच हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया । मलकानगिरी में चार पुल डूब जाने से यातायात ठप हो गया है। नेशनल हाइवे भी सुरक्षा कारणों से बंद कर दिए गए हैं। भद्रक में तूफानी हवाओं से मछुआरों की 10 नावें डूब गईं और कई क्षतिग्रस्त हो गईं। चिलका झील क्षेत्र में भी कई नावें टूटकर डूब गईं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने नबरंगपुर जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वहां 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश का अनुमान है। बरगढ़, नुआपाड़ा, बलांगीर, कालाहांडी, कोरापुट और मलकानगिरी में ऑरेंज अलर्ट है। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में 75 किलोमीटर (किमी) प्रति घंटे तक की हवा चली। विजयवाड़ा के निचले इलाकों में पानी भर गया है और कई स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। मछुआरों से समुद्र में न जाने की अपील की गई है। पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों, दार्जिलिंग और कलिम्पोंग में भी भारी बारिश और आंधी का अलर्ट जारी है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, आज देश के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बारिश हो सकती है।

विभाग ने ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## बनारस में बाढ़ के बाद गंगा सफाई के लिए कसी कमर, बाढ़ लौटी तो पीछे छूटी दुश्वारी




**वाराणसी।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बाढ़ के बाद घाटों की स्थिति को सुधारने के लिए नमामि गंगे और नगर निगम ने एक व्यापक सफाई अभियान शुरू किया है। इस अभियान के अंतर्गत बनारस के घाटों के साथ-साथ गंगा नदी में भी स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। गंगा पुत्र के रूप में जाने जाने वाले स्वयंसेवक गंगा नदी में बहते पूजा सामग्री और बाढ़ के अवशिष्ट को बाहर निकालने का कार्य कर रहे हैं।

## कौन हैं जय कुमार, जिनका एशियन गेम्स की रिले रेस में देश को मेडल जीताने में रहा अहम योगदान; उनका मेरठ से है खास नाता



**मेरठ।**
एशियाई खेलों में भारतीय एथलेटिक्स टीम ने मिश्रित 4400 मीटर रिले में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। भारतीय चौकड़ी टीएस मनु, एमआर पूवम्मा, विशाल टीके और विथ्या रामराज ने 3:14.46 सेकेंड का समय निकाला। बहरीन ने 3:12.87 सेकेंड के एशियाई खेल रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण और दक्षिण कोरिया ने 3:14.54 के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

भारतीय टीम के प्रदर्शन में दिल्ली के जय कुमार की भूमिका भी अहम रही। जय कुमार ने हीट चरण में भारतीय टीम को फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वह लंबे समय से पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट एवं प्रशिक्षक विशाल सक्सेना तथा अमिता सक्सेना के मार्गदर्शन में शहर की एनएएस एथलेटिक्स अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। जय के प्रदर्शन ने उनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार मजबूत होती पहचान को और पुख्ता किया है।

**हीट में भी शानदार प्रदर्शन**

मिश्रित 4400 मीटर रिले के फाइनल से पहले भारत ने हीट-2 में 3:16.23 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया था। भारतीय टीम में टीएस मनु, एमआर पूवम्मा, जय कुमार और किरण शामिल थे। चीन ने 3:15.97 सेकेंड के साथ हीट में पहला स्थान हासिल किया। हीट में जय कुमार समेत भारतीय धावकों ने शुरूआती चरणों में मजबूत प्रदर्शन किया। भारत का समय सभी हीट को मिलाकर चौथा सबसे तेज रहा। बहरीन 3:15.73, चीन 3:15.97 और वियतनाम 3:16.08 के बाद भारत का 3:16.23 का समय रहा।

**अंतिम चरण में दिखी भारत की रफ्तार**

फाइनल में भारत की ओर से विशाल टीके ने शानदार दौड़ लगाकर टीम को पदक की दौड़ में बनाए रखा। इसके बाद एंकर लेग में विथ्या रामराज ने जबरदस्त तेजी दिखाई और भारत को दूसरे स्थान तक पहुंचाया। भारत ने 3:14.46 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया।

एशियाई खेलों में मेरठ के खेल उपकरणों की धूम, मैदान में उतरेंगे शहर के सात खिलाड़ी

**400 मीटर में विश्व स्तर पर बनाई पहचान**

जय कुमार ने जूनियर स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उनके प्रोफाइल के अनुसार उन्होंने विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप, लीमा (पेरू), 2024 में 400 मीटर दौड़ में 46.96 सेकेंड के समय के साथ छठा स्थान हासिल किया था। इसी प्रतियोगिता में उन्होंने 4400 मीटर रिले में भारतीय टीम के साथ 3:08.10 सेकेंड का समय निकालकर पांचवां स्थान प्राप्त किया। मिश्रित 4400 मीटर रिले में भी जय कुमार भारतीय टीम का हिस्सा रहे और 3:22.92 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ छठे स्थान पर रहे।

# बाढ़ पीड़ितों के हक के लिए राजद ने दिया धरना प्रदर्शन

**भागलपुर**

भागलपुर, राष्ट्रीय जनता दल के तत्वावधान में गुरुवार को सबौर प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शन सबौर और नाथनगर प्रखंड में आई भीषण बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं और पीड़ितों को राहत न मिलने के विरोध में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के निवर्तमान प्रखंड अध्यक्ष सुमंत यादव ने की।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नाथनगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह राजद नेता शेख ज्याउल हसन उर्फ जेड हसन ने नीतीश सरकार और स्थानीय प्रशासन पर जमकर हमला बोला। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जेड हसन ने कहा कि नाथनगर और सबौर की बाढ़ पीड़ित जनता के साथ लगातार अन्याय और दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है।

उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा, "लोग अपने घर-द्वार छोड़कर बांधों, ऊंचे स्थानों और शिविरों में शरण लिए हुए हैं, लेकिन इस बरसात के मौसम में भी उन्हें प्रशासन की ओर से पॉलिथीन सीट तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। आपदा पीड़ितों को मदद पहुंचाने में यह सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। जेड हसन ने आगे कहा कि राज्य के खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ितों का होता है, लेकिन सबौर में जीआर राशि के वितरण में भारी अनियमितता बरती गई है।

उन्होंने दावा किया कि अब तक सबौर के मात्र 14 हजार लोगों को ही जीआर की राशि मिल सकी है, जबकि वास्तविक पीड़ितों की संख्या इससे कहीं अधिक है। अभी भी कम से कम 40 फीसदी वास्तविक बाढ़ पीड़ितों के खातों में राशि भेजी जानी बाकी है। इसके अलावा, बाढ़ का पानी निकलने के बाद भी प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य शिविर, ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव जैसी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं नदारद हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

राजद नेता सौरभ यादव ने स्थानीय प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रखंड मुख्यालय में बिचौलियों का राज चल रहा है। बाढ़ पीड़ितों को मिलने वाली 7000 रुपये की सहायता राशि के बदले बिचौलिए 3000 रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। उन्होंने जिला और प्रखंड प्रशासन से मांग की कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए और बिचौलियों पर लगाम लगाकर वास्तविक पीड़ितों को उनका हक दिया जाए। वरिष्ठ राजद नेता शिशुपाल भारती ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल हमेशा से पिछड़ों, दलितों और कमजोर वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ता रहा है।

नाथनगर और सबौर के बाढ़ पीड़ितों के हक के लिए पार्टी सड़क पर उतरी है और यह लड़ाई न्याय मिलने तक जारी रहेगी। इस एक दिवसीय धरने में मुख्य रूप से राजद के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, वरिष्ठ नेता भोपाली यादव, धनेश्वर मंडल, बालकुमार यादव, लालू यादव, सुजीत यादव, प्रिंस कुमार, मोहम्मद अली, नियाज जफर सहित विभिन्न पंचायतों के राजद अध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से आए पीड़ित ग्रामीण मौजूद थे।

## आवास प्लस-2024 की सूची को आमसभा ने दी मंजूरी

**बड़हरा पंचायत में आयोजित आमसभा में 1,035 लाभार्थियों के नाम अनुमोदित**



**बड़हरा (भोजपुर)।** बड़हरा प्रखंड की बड़हरा ग्राम पंचायत स्थित सामुदायिक भवन में गुरुवार को मुखिया अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में आमसभा आयोजित की गई। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्लस-2024 के लाभार्थियों की सूची के अनुमोदन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

आमसभा में पंचायत के कुल 1,035 पात्र लाभार्थियों की सूची का अनुमोदन किया गया। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के विभागीय निर्देश के आलोक में आयोजित आमसभा में ग्रामीण विकास मंत्रालय के अर्द्धसरकारी पत्र, ग्रामीण विकास विभाग पटना, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण भोजपुर तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी के पत्रों के आधार पर लाभार्थियों की सूची पर विचार-विमर्श किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में सूची के अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी की गई। अनुमोदित सूची में सामान्य वर्ग के 705, अनुसूचित जाति के 256 तथा अनुसूचित जनजाति के 74 लाभार्थी शामिल हैं। आमसभा में पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ दिलाने तथा आगे की आवश्यक प्रक्रिया समय पर पूरा करने पर जोर दिया गया।

बैठक में ग्रामीण आवास सहायक अरुण कुमार, उपमुखिया धनजी कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार साह, वार्ड सदस्य माया देवी (वार्ड संख्या-5), पंचायत सचिव मुकेश कुमार, वार्ड सदस्य मुकेश कुमार, राकेश कुमार, अनिल कुमार, समाजसेवी मनोज उपाध्याय, पालधारी सिंह समेत अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## राष्ट्रकवि दिनकर की 118वीं जयंती पर साहित्यकारों और समाजसेवियों का सम्मान



**आरा।** महादेवा हनुमान मंदिर परिसर में संत रविदास जनसेवा संगठन के तत्वावधान में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह ह्यदिनकरह्न की 118वीं जयंती मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता प्रो. दिनेश सिन्हा ने की। उद्घाटन डॉ. केएन सिन्हा, साहित्यकार राजेंद्र पुष्कर, डॉ. किरण कुमारी, अजय अज्ञानी और आयोजन सचिव अमरदीप कुमार जय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में दिनकर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद विद्वत संगोष्ठी और काव्यपाठ हुआ।

रमेश सिंह ह्यरामप्रपन्नह्न ने कहा कि दिनकर आग, राग और विराग के कालजयी कवि थे। शशिकांत तिवारी ने उन्हें स्वतंत्रता संग्राम की हुंकार और भारतीय संस्कृति की मुखर आवाज बताया। राजेंद्र शर्मा पुष्कर, डॉ. किरण कुमारी, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. शीलभद्र, अमरदीप कुमार जय और प्रो. दिनेश सिन्हा ने भी विचार रखे। इस अवसर पर साहित्य, शिक्षा, चिकित्सा, कला और समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए दिनकर सम्मान प्रदान किए गए। मरणोपरांत चिकित्सक डॉ. योगेंद्र पंडित को सम्मानित किया गया। डॉ. एसएम ईशा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, प्रो. नन्दजी कुमार को शिक्षा एवं लेखन, कथक गुरु बक्शी विकास को नृत्य-संगीत तथा लेफ्टिनेंट कर्नल विकास कुमार सिंह को 25 वर्ष की सैन्य सेवा के लिए सम्मानित किया गया। कई कवियों ने काव्यपाठ किया।

## महिला थाना के लंबित विशेष प्रतिवेदित कांडों की पुलिस निरीक्षक ने की समीक्षा



**आरा।** भोजपुर पुलिस की ओर से लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार, 24 सितंबर 2026 को पुलिस निरीक्षक, सदर अंचल द्वारा महिला थाना के लंबित विशेष प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान महिला थाना की थानाध्यक्ष एवं सभी अनुसंधानकताओं के साथ लंबित कांडों में अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। पुलिस निरीक्षक ने प्रत्येक मामले में अनुसंधान की प्रगति और लंबित बिंदुओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को लंबित मामलों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने तथा मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही अनुसंधान में लंबित बिंदुओं को निर्धारित प्रक्रिया के तहत जल्द पूरा करने पर जोर दिया गया। भोजपुर पुलिस के अनुसार, लंबित कांडों की नियमित समीक्षा का उद्देश्य अनुसंधान में आ रही कमियों को दूर कर मामलों के निष्पादन में तेजी लाना और पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

## बिहार हैमर बॉल टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उपविजेता

**पटना,** तृतीय जूनियर हैमर बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल किया।

जयपुर के भवानी निकेतन शिक्षण संस्थान में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में बिहार का मुकाबला उत्तर प्रदेश से हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश ने 173 अंक बनाकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने पूरे टूनार्मेंट के दौरान शानदार खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया।

बिहार के खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से राज्य में हैमर बॉल खेल की बढ़ती लोकप्रियता और प्रतिभा को नई पहचान मिली है।

बिहार टीम के प्रदर्शन में ईस्ट जोन निदेशक एवं हैमर बॉल से जुड़े पदाधिकारी मोहित श्रीवास्तव और सचिव रणजीत श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उनके मार्गदर्शन और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन से बिहार की टीम ने

# 'वीर परिवार सहायता योजना' से 4 जिलों के पूर्व सैनिकों व आश्रितों को मिलेगी कानूनी मदद: विंग कमांडर संगीता मल्लाह

**कटिहार,** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), कटिहार के तत्वावधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की 'वीर परिवार सहायता योजना 2025' के अंतर्गत गुरुवार को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड स्थित विधिक सहायता केंद्र में एक दिवसीय कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल न्यायाधीश-सह-सचिव कमलेश सिंह देऊ एवं जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य रक्षाकर्मियों, सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके आश्रितों तक कानूनी सहायता का सीधा लाभ पहुंचाना है।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी विंग कमांडर संगीता मल्लाह ने कहा कि विधिक सहायता केंद्र के सक्रिय होने से कटिहार सहित आसपास के चार जिलों के सैनिकों, पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को नालसा की 'वीर परिवार सहायता योजना 2025' का सीधा लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि सीमा पर देश की रक्षा करने वाले जवानों और उनके परिजनों को किसी भी कानूनी अड़चन या विवाद में भटकना न पड़े, इसके लिए यह केंद्र एक मजबूत कड़ी का कार्य करेगा।

योजना को धरातल पर उतारने के लिए प्राधिकार द्वारा प्रतिनियुक्त पारा विधिक स्वयंसेवक (पीएलवी) पवन कुमार ने उपस्थित सैनिक परिवारों को विधिक सहायता केंद्र की कार्यप्रणाली से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि जरूरतमंद सैनिक परिवार डीएलएसए के माध्यम से पैनल अधिवक्ता, निशुल्क कानूनी सलाह और सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने पारिवारिक अथवा दीवानी मामलों को सुलझाने के लिए मध्यस्थता (मीडिएशन) केंद्र से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देते हुए सैनिक परिवारों से इसका लाभ उठाने की अपील की।

इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कटिहार के सभी कर्मी, डीएलएसए कार्यालय के प्रतिनिधि, अन्य पारा विधिक स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त सैनिकों के परिजन व आश्रित उपस्थित रहे।

# अवैध खनन में जब्त नौ वाहनों की नीलामी, सरकार को मिले 41.58 लाख रुपये

**आरा।** भोजपुर समाहरणालय सभागार में गुरुवार को अवैध खनन एवं परिवहन के मामलों में जब्त और अधिहृत कुल नौ वाहनों की सफलतापूर्वक नीलामी कराई गई। नीलामी की कार्रवाई अपर समाहर्त्ता, राजस्व, भोजपुर की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से संपन्न हुई। नीलामी में कुल नौ वाहनों के लिए 38 निविदाएं प्राप्त हुईं।



नीलामी के बाद सरकार को कुल 41.58 लाख रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई। नीलाम किए गए वाहनों में दो पोकलेन, दो 12 चक्का ट्रक, तीन 10 चक्का ट्रक और दो छह चक्का ट्रक शामिल हैं। ये सभी वाहन कोईलवर, नारायणपुर एवं संदेश थाना क्षेत्रों में अवैध खनन एवं परिवहन के मामलों में जब्त किए गए थे।

संबंधित कार्रवाई पूरी होने के बाद वाहनों को अधिहृत कर नीलामी की प्रक्रिया में शामिल किया गया। नीलामी के दौरान गठित समिति के सदस्य के रूप में जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला विधि शाखा, जिला लेखा पदाधिकारी, सहायक आयुक्त वाणिज्यकर विभाग, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), खनिज विकास पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक एवं प्रवर्तन अवर निरीक्षक उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन ने कहा कि भोजपुर में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई जारी रहेगी। भविष्य में भी अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने वाले वाहनों को जब्त एवं अधिहृत करते हुए नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी।

## पॉक्सो मामले में बबुरा पुलिस की कार्रवाई, नाबालिग निरुद्ध

**कांड दर्ज होने के बाद गांव से लिया गया हिरासत में, किशोर न्याय बोर्ड में पेश करने की तैयारी**

**बड़हरा (भोजपुर)।** बबुरा थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग को बबुरा गांव से निरुद्ध किया है। पुलिस ने उसे विधि-सम्मत प्रक्रिया के तहत किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि घटना बीते अप्रैल महीने की है। मामले में पीड़िता ने करीब एक सप्ताह पूर्व बबुरा थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कांड संख्या 77/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी।

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित नाबालिग को उसके गांव बबुरा से निरुद्ध कर लिया। कार्रवाई के दौरान थानाध्यक्ष संजय कुमार के साथ दारोगा अमरेश कुमार, रंजीत कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहे। पुलिस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है।

## साइक्लोन के असर से बदला मौसम, गर्मी से मिली राहत

**बड़हरा (भोजपुर)।** पिछले कई दिनों से पड़ रही तपती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच साइक्लोन के प्रभाव से मौसम का मिजाज बदल गया है। लगातार हो रही बारिश से तापमान में कमी आई है और लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। मौसम ठंडा होने से आम लोगों ने भी राहत की सांस ली है। बारिश के कारण दिनभर आसमान में बादल छाए रहने और रुक-रुककर वर्षा होने से गर्मी का असर कम हुआ है। लंबे समय से तेज धूप और उमस से परेशान लोगों के लिए बदला मौसम राहत लेकर आया है। सड़कों और बाजारों में भी गर्मी की तपिश कम महसूस की जा रही है।

वहीं, बारिश किसानों के लिए भी उपयोगी साबित हो रही है। खेतों में नमी बढ़ने से खेती-किसानी के कार्यों को गति मिली है। किसानों का कहना है कि समय पर हो रही बारिश से फसलों को फायदा मिलेगा और सिंचाई पर होने वाला खर्च भी कम होगा।

मौसम में बदलाव से जहां आम लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों के लिए बारिश उम्मीद की नई किरण लेकर आई है।

## लगातार हो रही रिमझिम व तेज फुहारों से जनजीवन अस्त-व्यस्त, अगले 48 घंटे भारी

**बक्सर**

बक्सर , जिला मुख्यालय सहित पूरे बक्सर जिले में गुरुवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला रहा।

दिनभर कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश का दौर रुक-रुक कर चलता रहा, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। लगातार हो रही इस बारिश के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग सिर्फ बेहद जरूरी कामों से ही रेनकोट और छाते के सहारे बाहर निकलते दिखे।

मौसम विभाग और सैटेलाइट डेटा के अनुसार, बक्सर में 25 और 26 सितंबर (शुक्रवार और शनिवार) को भी भारी बारिश और गरज-चमक के साथ 40-50 किमी/घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। 27 सितंबर (रविवार) से ही मौसम में सुधार होने और धूप निकलने की संभावना है।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों को खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने और बिजली चमकने पर पेड़ों व खंभों से दूर रहने की सलाह दी है।

# कोसी तटबंध की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**सुपौल,** कोसी नदी के बढ़ते-घटते जलस्तर को देखते हुए तटबंध की सुरक्षा एवं कटावरोधी सामग्रियों के भंडारण की स्थिति का जायजा लेने के लिए गुरुवार को अधिकारियों की टीम ने कोसी नदी के पश्चिमी तटबंध का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उप विकास आयुक्त इंद्रवीर कुमार, कार्यपालक अभियंता, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित जल संसाधन विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता से कटावरोधी सामग्रियों के भंडारण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने तटबंध की सुरक्षा के लिए पर्याप्त मात्रा में कटावरोधी सामग्री उपलब्ध रखने के साथ-साथ ट्रैक्टर, जेसीबी एवं अन्य आवश्यक मशीनरी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

कार्यपालक अभियंता ने बताया कि तटबंध की सतत निगरानी के लिए विभिन्न स्थानों पर अभियंताओं की तैनाती की गई है। इसके अलावा आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त संख्या में मजदूरों की भी व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सुरक्षात्मक कार्य शुरू किया जा सके।उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में तटबंध एवं स्पर की सुरक्षा के लिए विभाग द्वारा कई सुरक्षात्मक कार्य कराए गए हैं तथा वर्तमान में भी आवश्यक कार्य जारी हैं। विभाग के अनुसार फिलहाल तटबंध सुरक्षित एवं मजबूत स्थिति में है।

अधिकारियों ने कहा कि कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि की स्थिति में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

जल संसाधन विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को तटबंध पर मौजूद रहकर नदी के जलस्तर एवं तटबंध की स्थिति पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया गया। आवश्यकता के अनुसार तत्काल सुरक्षात्मक कार्य करने पर भी जोर दिया गया।

# समस्तीपुर छेड़छाड़ मामले को लेकर तेजस्वी ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

**बिहार : समस्तीपुर** छेड़छाड़ मामले को लेकर तेजस्वी ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

पटना । बिहार के समस्तीपुर जिले में नाबालिग लड़की के साथ कथित अभद्र व्यवहार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया निगरानी के दौरान 23 सितंबर की शाम वीडियो सामने आया था। तकनीकी सत्यापन के बाद घटनास्थल की पहचान कपूरीग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम जगतासिंहपुर स्थित बांध के पास सड़क के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, वीडियो में तीन-चार लोगों द्वारा एक लड़की के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने की बात सामने आई। घटना करीब एक सप्ताह पुरानी बताई जा रही है।



वीडियो में दिखाई दे रही पीड़िता प्रथमदृष्टया नाबालिग प्रतीत हो रही है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता, पॉक्सो एक्ट और आईटी एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत कपूरीग्राम थाना कांड संख्या 117/26, दिनांक 24 सितंबर 2026 दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि मामले में संलिप्त सभी चार आरोपियों की पहचान कर सूचना मिलने के छह घंटे के भीतर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में विकास कुमार, राहुल कुमार, रामबाबू सहनी और अवधेश पासवान शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।

इस घटना को लेकर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि समस्तीपुर में नाबालिग लड़की के साथ युवकों द्वारा कथित छेड़खानी का मामला उनके अनुसार बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ऐसे मामलों को 'छिटपुट घटना' बताकर पल्ला झाड़ सकती है।

तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब प्रदेश का मुख्यमंत्री अपराधियों को जाति देखकर सम्मानित करता हो, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न होना स्वाभाविक है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई उनकी जाति देखकर की जाएगी या मामले को दबाया जाएगा।

# समस्तीपुर छेड़खानी मामले पर चिराग पासवान ने कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल, आरोपियों के एनकाउंटर की मांग

**पटना ।** बिहार के जमुई के बाद अब समस्तीपुर में नाबालिग लड़की के साथ कथित बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने और मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने घटना को शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कानून-व्यवस्था और प्रशासन की जवाबदेही पर सवाल उठाए हैं।

चिराग पासवान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्व पर पोस्ट कर लिखा कि जमुई के बाद अब समस्तीपुर में सामने आई छेड़खानी की घटना बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे सरेआम बच्चियों के साथ अमानवीय व्यवहार कर रहे हैं, जो सभी के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जब सरेआम बच्चियों के साथ ऐसी घटनाएं होने लगें तो कानून-व्यवस्था और प्रशासन की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने जिला पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी से बचने से मना करते हुए पुलिस के इकबाल को लेकर भी सवाल उठाया।

चिराग पासवान ने कहा कि मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, लेकिन कार्रवाई यहीं नहीं रुकनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मांग की कि घटना में संलिप्त हर व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई



सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जमुई मामले का जिक्र करते हुए कहा कि जिस तरह वहां आरोपी का एनकाउंटर हुआ, उसी तरह समस्तीपुर मामले के आरोपियों का भी एनकाउंटर होना चाहिए, ताकि अपराधियों में कानून का भय कायम हो।

वहीं, बिहार सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल ने घटना के साथ-साथ वीडियो बनाए जाने और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाने की मंशा की जांच की जरूरत बताई है। उन्होंने कहा कि अपराध को उसके स्वरूप और कारण के आधार पर देखना चाहिए। उनके मुताबिक, घटना के पीछे का कारण समझना जरूरी है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई होगी। जायसवाल ने जमुई और समस्तीपुर की घटनाओं का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि अपराध करने वाला व्यक्ति घटना का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर क्यों डालेगा। उन्होंने कहा कि इस पहलू की भी जांच होनी चाहिए कि वीडियो बनाने और प्रसारित करने के पीछे क्या मंशा थी और क्या इसके पीछे सरकार को बदनाम करने की कोई कोशिश या सुनियोजित साजिश है।

समस्तीपुर की सांसद शाम्भवी चौधरी ने भी कपूरींग्राम में हुई घटना को निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जानकारी मिलने के बाद से वह पुलिस अधीक्षक और प्रशासन के संपर्क में हैं। उन्होंने बताया कि वीडियो के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सांसद ने कहा कि महिलाओं और बच्चियों के सम्मान एवं सुरक्षा से किसी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि पीड़िता की पहचान उजागर करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करें। पुलिस के अनुसार, प्राथमिकी दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## मुजफ्फरपुर में 100 से ज्यादा जीविका दीदियों के नाम पर साढ़े 3 करोड़ की ठगी, एसडीएम कोर्ट में सुनवाई



**मुजफ्फरपुर( बिहार)।** मुजफ्फरपुर में बोचहां और मुशहरी प्रखंड की 100 से अधिक जीविका दीदियों के नाम पर करीब साढ़े 3 करोड़ रुपये के लोन और कथित ठगी से जुड़े मामले में बुधवार को एसडीएम कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले के सामने आने के बाद संबंधित महिलाओं के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार, आरोप है कि जीविका दीदियों के नाम और दस्तावेजों का इस्तेमाल कर बड़ी रकम का लोन लिया गया। कथित तौर पर महिलाओं को इस लोन की पूरी जानकारी नहीं थी या उन्हें इसकी जानकारी बाद में मिली। मामला सामने आने के बाद पीड़ित महिलाओं ने प्रशासन के समक्ष शिकायत रखी। बुधवार को एसडीएम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान मामले से जुड़े दस्तावेजों और उपलब्ध जानकारी पर चर्चा की गई। प्रशासन की ओर से पूरे प्रकरण की जांच और संबंधित पक्षों से जानकारी जुटाने की प्रक्रिया जारी है।

बताया जा रहा है कि बोचहां और मुशहरी क्षेत्र की 100 से अधिक जीविका दीदियों के नाम पर अलग-अलग तरीके से लोन की राशि स्वीकृत कराए जाने का आरोप है। कुल रकम करीब साढ़े 3 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इससे उन महिलाओं की चिंता बढ़ गई है, जिनके नाम पर लोन दर्ज होने की बात सामने आई है। मामले में यह भी जांच की जा रही है कि महिलाओं के दस्तावेज कैसे इस्तेमाल किए गए और लोन की राशि किसके माध्यम से स्वीकृत हुई। इसके अलावा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि लोन की रकम का वास्तविक लाभ किसे मिला।

एसडीएम कोर्ट में सुनवाई के बाद अब मामले से जुड़े तथ्यों की जांच आगे बढ़ेगी। प्रशासन की ओर से संबंधित रिकॉर्ड और दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है। यदि जांच में वित्तीय अनियमितता या धोखाधड़ी की पुष्टि होती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। मामले में जीविका दीदियों का कहना है कि उनके नाम पर लिए गए लोन की वजह से वे आर्थिक और कानूनी परेशानी में फंस सकती हैं। ऐसे में उनकी मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक दोषियों की पहचान की जाए और महिलाओं को राहत मिलेगी।

## अपराधियों ने सीएसपी संचालक को गोली मार तीन लाख रुपये लूटे

**बाइक सवार अपराधियों ने ओवरटेक कर रोका, जांघ में गोली मारकर लैपटॉप व अन्य सामान भी ले भागे**



**औरंगाबाद।** फेसर थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह बाइक सवार अपराधियों ने सीएसपी संचालक को गोली मारकर करीब तीन लाख रुपये लूट लिये। घटना बद्री बिगहा और पिरौटा गांव के बीच की है। गोली लगने से पिरौटा गांव निवासी कामेश्वर प्रसाद के 32 वर्षीय पुत्र एवं सीएसपी संचालक प्रदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गयाजी रेफर कर दिया।

बताया जाता है कि प्रदीप कुमार कुरहमा गांव में बैंक ऑफ बड़ौदा का सीएसपी संचालित करते हैं। गुरुवार सुबह वह घर से सीएसपी खोलने के लिए कुरहमा जा रहे थे। बद्री बिगहा और पिरौटा गांव के बीच पीछे से आए बाइक सवार अपराधियों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। अपराधियों ने उनके साथ मारपीट करते हुए रुपये छीनने का प्रयास किया। इसी दौरान एक अन्य अपराधी वहां पहुंचा और प्रदीप कुमार की जांघ में गोली मार दी।

गोली लगने से प्रदीप कुमार सड़क पर गिर गए। इसके बाद अपराधी उनके पास रखे करीब तीन लाख रुपये लेकर फरार हो गए। पैक्स अध्यक्ष राजू यादव के अनुसार अपराधी सीएसपी संचालक का लैपटॉप और अन्य सामान भी ले गए। घटना के बाद घायल प्रदीप ने किसी तरह आसपास के लोगों को जानकारी दी। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना पर फेसर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लोगों से पूछताछ कर अपराधियों के बारे में जानकारी जुटाई। दिनदहाड़े हुई लूट और गोलीबारी की घटना से क्षेत्र में दहशत है। पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है।

## महाराष्ट्र में ट्रेन की चपेट में आने से गुरारू के युवक की मौत, गांव में पसरा मातम



**गुरारू (गयाजी)।** थाना क्षेत्र के रौदा गांव निवासी युवक की महाराष्ट्र के नासिक के निफाड रेलवे स्टेशन पर काम के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिकेत कुमार (33), पिता स्व. इंद्रदेव प्रजापत के रूप में हुई है।सामाजिक कार्यकर्ता सुमंत दांगी ने बताया कि अनिकेत नासिक में एक इलेक्ट्रिकल कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे काम के दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। शव शुक्रवार तक गांव पहुंचने की संभावना है। घटना के बाद पत्नी हेमंती देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के तीन छोटे बच्चे हैं। परिजनों ने प्रशासन से आर्थिक मदद और पत्नी को पेंशन देने की मांग की है।

## दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर का आयोजन



**गोह (औरंगाबाद)।** गुरुवार को बिहार शिक्षा परियोजना औरंगाबाद और स्वास्थ्य विभाग औरंगाबाद के संयुक्त कार्यक्रम के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोह मे 6 से 18 साल के दिव्यांग छात्र एवं छात्राओं का दिव्यंका प्रमाण पत्र बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में चिकित्सा पदाधिकारी शिव शंकर कुमार ने बताया कि कल 69 छात्र एवं छात्राओं का नामांकन किया गया जिसमें कुल 49 छात्र एवं छात्राओं व अभिभावकों का दिव्यंगता प्रमाण पत्र निर्गत किया गया इस कार्यक्रम में डॉ संजय कुमार हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सुमित कुमार कान नाक और गला रोग विशेषज्ञ और डॉक्टर राजेश अग्रवाल दृष्टि से संबंधित की संयुक्त टीम द्वारा सभी प्रमाण पत्र निर्गत किए गए इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा विभाग के जिला समन्वयक श्री सुरेंद्र कुमार राकेश जी अमित सिंह भैयालाल धर्मेंद्र प्रसाद पिरामल फाऊंडेशन के फाइलेरिया रोग प्रोग्राम ऑफिसर अत्ताउल्लाह खान अशोक कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित हुए।

## सोन नदी पुल पर बैटरी लदी पिकअप में लगी भीषण आग, एक घंटे तक जाम

**औरंगाबाद।** जिले के बारुण थाना क्षेत्र के सोननदी पुल पर गुरुवार की सुबह ई-रिक्शा की बैटरी लदी एक पिकअप वाहन में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही वाहन धू-धूकर जलने लगा। चालक ने किसी तरह वाहन से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

घटना के बाद एनएच-19 पर अफरातफरी मच गई और करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर बारुण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अग्निशमन वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया। नेशनल हाईवे के पदाधिकारी ब्रजराज कश्यप ने बताया कि चालक के अनुसार पिकअप वाहन पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर से नोएडा, दिल्ली की ओर जा रहा था। वाहन पर ई-रिक्शा में इस्तेमाल होने वाली करीब 25 बैटरियां लदी थीं। पिकअप वाहन का नंबर यूपी16एमसी 6981 है। चालक की पहचान गुड़गांव निवासी नीतेश भगत के रुप में हुई है।

चालक ने पुलिस को बताया कि बारुण से डेहरी की ओर जाने के दौरान सोननदी पुल पर पिकअप के आगे अचानक एक ट्रैक्टर आ गया। ट्रैक्टर से बचने के लिए उसने अचानक ब्रेक लगाया। इसी दौरान वाहन में शॉर्ट



सर्किट होने के बाद आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। चालक ने समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। आग की तेज लपटों के कारण पिकअप और उस पर लदी बैटरियां जलकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही थाना से अग्निशमन वाहन को मौके पर भेजा गया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। घटना में चालक सुरक्षित है। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई कर रही है। आग लगने के कारण एनएच-19 पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और सड़क पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। आग बुझने के बाद क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद प्रभावित यातायात को प्रारम्भ करा दिया गया।

## एएसआई से एसआई में प्रोन्नति पाने वाले पुलिस पदाधिकारियों को किया गया

**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज थाना में पदस्थापित एएसआई से एसआई पद पर प्रोन्नति प्राप्त करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोन्नत पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

सम्मानित होने वालों में एसआई बबनजीत कुमार, राम अवधेश सिंह, बाल गोविंद मिश्रा, जयप्रकाश बाजपेयी, मृत्युंजय कुमार, राजीव कुमार, संजय पासवान, केशनाथ सिंह, राजेश रंजन,



मैनेजर शाह एवं विशाल कुमार शामिल हैं।

कार्यक्रम में थानाध्यक्ष शंभू कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी, बीपीआरओ अमर पासवान, सर्किल इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने प्रोन्नति प्राप्त पुलिस पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नई जिम्मेदारी के साथ पुलिस सेवा में और बेहतर कार्य करने की उम्मीद है।

## बिहार हैमर बॉल टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उपविजेता

**पटना,** तृतीय जूनियर हैमर बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल किया।

जयपुर के भवानी निकेतन शिक्षण संस्थान में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में बिहार का मुकाबला उत्तर प्रदेश से हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश ने 173 अंक बनाकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने पूरे टूनामेंट के दौरान शानदार खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया।

बिहार के खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से राज्य में हैमर बॉल खेल की बढ़ती लोकप्रियता और प्रतिभा को नई पहचान मिली है।

## एनएच-139 के डीपीआर को लेकर मुख्यमंत्री से मिले, डॉक्टर प्रकाश चंद्रा, औरंगाबाद के विकास पर हुई चर्चा

**औरंगाबाद।** जिले से जुड़े विभिन्न जनहित एवं विकास के मुद्दों को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से उनके आवास पर डॉक्टर प्रकाश चंद्रा ने मुलाकात की । इस दौरान क्षेत्र की जनसमस्याओं, कानून-व्यवस्था, आधारभूत संरचना तथा विकास कार्यों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर मुख्यमंत्री के साथ विस्तार से चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान जमुई कांड के दोषियों के विरुद्ध स्पीडी ट्रायल के माध्यम से त्वरित न्यायिक कार्रवाई कराकर दोषियों को सजा दिलाने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित न्यायिक प्रक्रिया सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। वहीं,




एनएच-139 के विकास एवं डीपीआर तैयार किए जाने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।

इस संबंध में हस्तलिखित आवेदन मुख्यमंत्री को सौंपा गया। मुख्यमंत्री ने तत्काल अपने सहयोगियों को आवेदन देते हुए निर्देश दिया कि आगामी बैठक में इस विषय को प्रस्तुत किया जाए तथाएन एच-139 के डीपीआर तैयार करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए।

मुलाकात के दौरान औरंगाबाद जिले के विकास से जुड़े अन्य कई मुद्दों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि औरंगाबाद जिले के विकास पर सरकार का विशेष ध्यान रहेगा। उन्होंने अपराध एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध सरकार की सख्त नीति को भी दोहराया। मुलाकात के बाद कहा गया कि एन एच-139 का डीपीआर तैयार होने की दिशा में मुख्यमंत्री स्तर से पहल क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इससे औरंगाबाद सहित एनएच-139 से जुड़े क्षेत्रों में सड़क एवं आधारभूत संरचना के विकास को गति मिलने की उम्मीद है।

## अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध मौत, नशीला पदार्थ खाने की आशंका; पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार



**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के उपहारा थाना क्षेत्र स्थित हमीदनगर गांव में गुरुवार को एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान हमीदनगर गांव निवासी 50 वर्षीय बलिराम मिस्त्री के रूप में हुई है।

घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही उपहारा थानाध्यक्ष आकाश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि बलिराम मिस्त्री ने कथित रूप से कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने आत्महत्या या जहरीला पदार्थ खाने की पुष्टि अभी नहीं की है।

पुलिस के अनुसार, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे हम फूलन देवी के वंशज, हथियार उठाने से पीछे नहीं हटेंगे', सीईसी पर फिर बरसे मुकेश सहनी

## 'हम फूलन देवी के वंशज, हथियार उठाने से पीछे नहीं हटेंगे', सीईसी पर फिर बरसे मुकेश सहनी



**पटना ।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर दिए गए अपने विवादित बयान को एक बार फिर दोहराया है। सहनी ने कहा है कि अगर संविधान उन्हें एक हत्या की इजाजत दे तो वह ज्ञानेश कुमार को गोली मार देंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भगवान नहीं है कि उस पर कार्रवाई नहीं हो सकती और संविधान की वजह से ही उनके हाथ बंधे हुए हैं, नहीं तो वह सच में ऐसा कर देते। वीआईपी प्रमुख ने बातचीत में कहा, "अगर हमको एक खून माफ हो और देश का संविधान हमें इस चीज की इजाजत दे, तो ज्ञानेश कुमार को हम गोली मार देंगे, क्योंकि वह आज की तारीख में देश को खत्म करने में लगे हुए हैं।" मुकेश सहनी ने अपने बयान को सही ठहराते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए उनके पूर्वजों ने बलिदान दिया है।

अमर शहीद जुब्बा सहनी ने देश के लिए लड़ाई लड़ी है। इस देश को आजादी दिलाने के लिए हमारे पूर्वज शहीद हुए हैं। अगर इस देश को कोई खत्म करने के लिए आएगा, तो हम चुप नहीं बैठेंगे। हम फूलन देवी के वंशज हैं, तो हम हथियार उठाने से पीछे नहीं हटेंगे। क्योंकि देश रहेगा, तभी हम रहेंगे।"

चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए मुकेश सहनी ने कहा कि देश में चुनाव किसी नेता के लिए नहीं, बल्कि जनता के लिए होता है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान में जनता को यह अधिकार दिया है कि अगर कोई नेता बेलगाम हो जाए, अपने वादे पूरे न करे और जनता के हित में काम न करे, तो जनता उसे कुर्सी से उतार सकती है। उन्होंने ज्ञानेश कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा, "यह ताकत देश की जनता के पास है, किसी और के पास नहीं।

लेकिन, आप तो देश की जनता के साथ ही खिलवाड़ कर रहे हैं। आप निष्पक्ष चुनाव नहीं करा रहे हैं। आखिर आप किसी दूसरे की गोद में बैठकर देश के साथ गलत क्यों कर रहे हैं? अगर ऐसा ही करना है तो फिर चुनाव कराना ही बंद कर दीजिए।"

मुकेश सहनी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए कहा, "बिहार में जनता ने मन बना लिया था कि भाजपा को भगाना है। जनता को लग रहा था कि सरकार अच्छा काम नहीं कर रही है।

लेकिन आपने चुनाव के बीच में 10-10 हजार रुपए बांटकर और लाखों लोगों के वोट काटकर भाजपा के पक्ष में सरकार बनवा दी। बंगाल में आपने जाति और धर्म देखकर 27 लाख वोट काट दिए और पौने तीन लाख सुरक्षाबलों को उतारकर भाजपा के पक्ष में वोट करवाकर वहां सरकार बना दी। क्या इसके लिए यह देश है?"

उन्होंने कहा कि देश 150 करोड़ जनता का है। आप यहां अपनी मर्जी से कुछ भी नहीं कर सकते। जब भी देश में अंग्रेजों या हिटलर जैसी प्रवृत्ति से कोई काम करेगा, तो देश के नौजवान चुप बैठने वाले नहीं हैं। 2029 में देश में बदलाव होना तय है।

## पटना में पूर्व पार्षद और जन सुराज नेता अनिल यादव की गोलियों से भूनकर हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र में बुधवार को बेखौफ अपराधियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने वार्ड नंबर-24 की पार्षद ज्ञानवती देवी के पति और पूर्व पार्षद अनिल कुमार यादव पर अंधाधुंध ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अनिल यादव को करीब 5 गोलियां मारी गईं। गंभीर हालत में उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अनिल कुमार यादव प्रशांत किशोर की पार्टी ह्यजन सुराजह्व से जुड़े वरिष्ठ नेता थे।

**ताबड़तोड़ फायरिंग से मची अफरा-तफरी, मौके से 8 खोखे बरामद,**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अपराधियों ने अनिल यादव को निशाना बनाते हुए कई राउंड गोलियां चलाईं। अचानक हुई इस भयानक गोलीबारी से पूरे इलाके में भगदड़ और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश हथियार लहराते हुए मौके से आसानी से फरार हो गए।

सूचना मिलने के बाद सेंट्रल एसपी ममता कल्याणी भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने मौके से 8 खोखे बरामद किए हैं। हमलावरों का सुराग लगाने और उनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी (उउळश) कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

सेंट्रल एसपी ममता कल्याणी का बयान,

मामले की जानकारी देते हुए सेंट्रल एसपी ममता कल्याणी ने बताया कि पूर्व पार्षद अनिल यादव को 5 गोलियां लगी थीं। अत्यधिक खून बह जाने के कारण इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

संरक्षक: संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)
सलाहकार संपादक: रिजवान सैफ खान
सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,
सह संपादक: राम सिंह यादव
उक्त सभी पद अवैतनिक है

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी